BBNL

एक्सेस एक्रॉस इंडिया
Access Across India

6ठी वार्षिक रिपोर्ट
(2017-18)

6th Annual Report
(2017-18)

भारत ब्रॉडबैन्ड नेटवर्क लिमिटेड
BHARAT BROADBAND NETWORK LIMITED

gekjk nf"Vdk.k

बीबीएनएल का दृष्टिकोण ग्रामीण भारत के लोगों का राष्ट्रीय संपत्ति के रूप में नेटवर्क अवसंरचना के सृजन के जरिए डिजिटल सशक्तीकरण के माध्यम से ग्रामीण भारत के जीवन में परिवर्तन लाना है जो टीएसपी, आईएसपी इत्यादि जैसे सभी सेवा प्रदात्ताओं के लिए गैर–भेदभावकारी रूप से पहुंच योग्य होगा ताकि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में नागरिकों और संस्थाओं को वहनीय ब्राडबैंड सेवाएं प्रदान की जा सके जो कि ग्रामीण भारत के लोगों का मानवीय विकास सुकर बनाएगा, आर्थिक विकास में तेजी लाएगा और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा।

अपने निरंतर प्रयासों के माध्यम में बीबीएनएल ग्रामीण भारत में सुरक्षित, भरोसेमंद, वहनीय और उच्च गुणवत्ता की कनेक्टिविटी प्रदान कर पाएगा।

Our Vision

The vision of BBNL is to change lives of rural India through digital empowerment of the people of rural India by creating network infrastructure as a national asset, accessible on a non-discriminatory basis to all the service providers such as TSPs, ISPs etc to provide affordable broadband services to citizens and institutions in rural and remote areas, which will facilitate human development, boost economic development and improves quality of life of people in Rural India.

Through its constant endeavors BBNL will be able to provide secure, reliable, affordable and high quality connectivity in rural India.

gekjk fe'ku

- ग्रामीण भारत के लिए वहनीय कीमत पर उच्च गति डिजिटल कनेक्टिविटी प्रदान करना
- गैर भेदभावपूर्ण तरीके से बी2बी सेवाएं प्रदान करना
- ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड सेवाओं के प्रसार को सुकर बनाना ताकि डिजिटल इंडिया, जिसे भारत सरकार द्वारा भारत को डिजिटल रूप से सशक्त सोसायटी और ज्ञान अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने के विजन के साथ आरंभ किया गया था, के दृष्टिकोण के अनुरूप सामाजिक–आर्थिक विकास में तेजी लायी जा सके।

Our Mission

- To provide high speed digital connectivity to Rural India at affordable price.
- To provide B2B services in a non-discriminatory manner.
- To facilitate proliferation of broadband services in rural areas so as to foster socio-economic development in line with the vision of 'Digital India' programme which has been launched by Government of India with the vision to transform India into a digitally empowered society and knowledge economy.

निदेशक मंडल / BOARD OF DIRECTORS

श्री संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
Sh. Sanjay Singh
Chairman-Cum-Managing Director
DIN 07484614



श्री अमित यादव
सरकारी निदेशक
Sh. Amit Yadav
Government Director
DIN 06491798

श्री महमूद अहमद
सरकारी निदेशक
Sh. Mahmood Ahmed
Government Director
DIN 07694375



श्री मनोज आनंद
निदेशक (वित्त)
Sh. Manoj Anand
Director (Finance)
DIN 07583289

श्री आर.के. सिंह
निदेशक (प्रचालन)
Sh. R.K. Singh
Director (Operation)
DIN 08178499

श्री शशी रंजन कुमार
सरकारी निदेशक
Sh. Shashi Ranjan Kumar
Government Director
(From 06.11.2015 to 31.01.2018)
DIN 01911656

श्री ए.के. सक्सैना
निदेशक (योजना)
Sh. A.K. Saxena
Director (Planning)
(From 15.11.2017 to 24.09.2018)
DIN 08007046

श्री एन.के. जोशी
निदेशक (प्रचालन)
Sh. N.K. Joshi
Director (Operation)
(From 15.11.2017 to 04.07.2018)
DIN 03250336

श्री बी. के. मित्तल
निदेशक (प्रचालन एवं योजना)
Sh. B. K. Mittal
Director (Operation and Planning)
(From 29.07.2015 to 31.10.2017)
DIN 07251326

पंजीकृत कार्यालय / Registered Office

कमरा सं. 306, तृतीय तल, सी–डॉट परिसर, मांडी गाँव रोड, महरौली, नई दिल्ली–110030

Room No. 306, 3rd Floor, C-DOT Campus, Mandi Gaon Road, Mehrauli, New Delhi-110030

कंपनी सचिव एवं विधि प्रमुख / Company Secretary & Head Legal

श्री ए.सी. उपाध्याय / Sh. A. C. Upadhyay

सांविधिक लेखापरीक्षक / Statutory Auditors

मै. रावला एंड कंपनी, सनदी लेखाकार

M/s Rawla & Company , Chartered Accountants

सचिवीय लेखाकार / Secretarial Auditor

मै. जे.के. गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिवीय

M/s J. K. Gupta & Associates, Company Secretaries

बैंकर / Banker

केनरा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया / Canara Bank, State Bank of India

विषय–वस्तु

1.	अध्यक्ष का भाषण	1
2.	छठी वार्षिक आम बैठक की नोटिस (सदस्यों के लिए सूचना)	3
3.	सदस्यों के लिए निदेशकों की रिपोर्ट	7
4.	वार्षिक रिटर्न का उद्धरण	19
5.	कारपोरेट अभिशासन के संबंध में कम्पनी की रिपोर्ट	26
6.	आचार संहिता के अनुपालन संबंधी घोषणा	33
7.	कारपोरेट गवर्नेंस मानदंडों के अनुपालन संबंधी प्रमाण–पत्र	34
8.	सीईओ (सीएमडी) सीएफओ – निदेशक (वित्त) द्वारा वित्तीय विवरण का प्रमाण–पत्र/घोषणा	34
9.	प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट	35
10.	सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट	41
11.	कॉपारेट सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट	44
12.	स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	46
13.	तुलन–पत्र	51
14.	लाभ एवं हानि विवरण	52
15.	वित्तीय विवरणों का भाग बनने वाली टिप्पणियां	53
16.	नगद प्रवाह विवरण	70
17.	लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर	72
18.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	73

CONTENTS

1.	Chairperson's Speech	75
2.	6th Annual General Meeting Notice (Notice to the Members)	77
3.	Board's Report to the Members	81
4.	Extract of Annual Return	93
5.	Company's Report on Corporate Governance	100
6.	Declaration Regarding Compliance with Code of Conduct	107
7.	The Certificate on Compliance of Corporate Governance Norms	108
8.	Certification/declaration of financial statements by the CEO (CMD)/CFO (DIR-F)	108
9.	Management Discussion and Analysis Report	109
10.	Secretarial Audit Report	115
11.	A detailed Report on Corporate Social Responsibility	118
12.	Independent Auditor's Report	120
13.	Balance Sheet	125
14.	Statement of Profit and Loss	126
15.	Notes forming part of the Financial Statements	127
16.	Cash Flow Statements	144
17.	Management's Reply to the Comments of the Statutory Auditors	146
18.	Comments of Comptroller and Auditor General of India	147

अस्वीकरण: हिन्दी संस्करण की व्याख्या की कठिनाई के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
Disclaimer: In case of difficulty in the Interpretation of Hindi Version, English Version will prevail.

अध्यक्ष का भाषण

प्रिय शेयरहोल्डर,

मुझे भारत ब्राडबैंड नेटवर्क्स लिमिटेड की छठी वार्षिक आम सभा में आपका स्वागत करते हुए हर्ष हो रहा है।

बोर्ड की रिपोर्ट संपरीक्षित वित्तीय विवरणों और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ–साथ 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट पहले से ही आपके पास है और आपकी अनुमति से मैं इन्हें पढ़ा गया मानता हूं।

1 प्रगतिः–

भारत ब्राडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) एक एसपीवी के रूप में 25.02.2012 को निगमित की गई थी जिसका उद्देश्य सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में उच्च गति ब्रांडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट की स्थापना, प्रबंधन और ऑपरेशन करना था।

जुलाई, 2017 में मंत्रिमंडल ने भारतनेट के लिए संशोधित कार्यान्वयन नीति अनुमोदित की, जिसमें शामिल हैं:–

चरण–II:

i. राज्यों, निजी क्षेत्र और सीपीएसयू के माध्यम से कार्यान्वयन।

ii. ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए मीडिया (ओएफसी, रेडियो और सेटेलाइट) का इष्टतम सम्मिश्रण।

iii. ब्लॉक से जीपी तक इन्क्रीमेंटल फाइबर।

iv. जीपी स्तर पर डार्क फाइबर उपलब्धता।

v. कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से परियोजना के जीवन–चक्र हेतु नेटवर्क का ऑपरेशन और रख–रखाव।

इस प्रकार, भारतनेट की कुल लागत अब संशोधित होकर 42,068 करोड़ रुपए (जीएसटी, चुंगी और स्थानीय कर को छोड़कर) है।

क. चरण–I की स्थितिः

मुझे यह सूचित करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान दिसंबर, 2017 में चरण–I पूरा कर लिया गया है जिसमें 1,00,000 से अधिक जीपी को सेवा के लिए तैयार बनाया गया है।

ख. भारतनेट का उपयोग

भारतनेट संचार नेटवर्क का समेकन अथवा मध्य परत है। अंतिम माइल कनेक्टिविटी सेवा प्रदाताओं और राज्यों द्वारा प्रदान की जाती है। परियोजना के कार्यान्वयन के साथ ही बीबीएनएल नेटवर्क के उपयोग पर भी जोर दे रहा है। नेटवर्क का उपयोग निम्नलिखित प्रक्रियाओं के जरिए किया जाता है:

i. ग्राम पंचायतों (जीपी) और सरकारी संस्थाओं को एफटीटीएच के द्वारा जोड़ना। यह सभी ग्राम पंचायतों को एक वर्ष के लिए अर्थात् राज्यों द्वारा कनेक्शन लेने तक निःशुल्क बाडबैंड कनेक्शन देकर किया जा रहा है। वाणिज्यिक कनेक्शन बीएसएनएल द्वारा भी दिए जा रहे हैं।

ii. देश भर में सीएसपी के माध्यम से और निविदा प्रक्रिया के जरिए चुनी गई एजेंसियों के माध्यम से वाई–फाई नेटवर्क स्थापित किया जा रहा है। यह एजेंसी भारतनेट ओएफसी के रख–रखाव, जीपी स्तर पर उपकरणों को सही से रखने, जीपी स्तर पर 5 वाई–फाई पहुंच बिंदु (एपी) स्थापित करने, इनमें से 3 एपी सरकारी संस्थानों जैसे कि पुलिस स्टेशन, डाकघरों, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्रों इत्यादि में स्थापित किए जाएंगे और साथ ही नेटवर्क के विपणन के लिए उत्तरदायी होगी। यह मॉडल भारतनेट के रख–रखाव, ऑपरेशन और विपणन में सामने आ रहे मुद्दों का आकलन करने के पश्चात् और इन मुद्दों को हल करने के लिए तैयार किया गया था।

iii. भारतनेट बैंडविथ/डार्क फाइबर को टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं (टीएसपी), इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और अन्यों द्वारा लिया जा रहा है।

ग. चरण–II की स्थितिः

चरण–I पूरा होने के पश्चात् परियोजना के चरण–II का कार्यान्वयन किया जा रहा है। मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित कार्यान्वयन के तीन मॉडल, राज्य मॉडल, सीपीएसयू मॉडल और निजी क्षेत्र मॉडल के अनुसार परियोजना का कार्यान्वयन आरंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त, चरण–II मॉडल में ब्लॉक से जीपी स्तर तक ओएफसी विछाया जाना है और साथ ही कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा नेटवर्क का जीवन पर्यंत रख–रखाव भी किया जाना है। इसके अतिरिक्त, चरण–II में परियोजना कार्यान्वयन ईपीसी पद्धति से किया गया है। इसकी प्रगति निम्नानुसार है:

- **राज्य द्वारा संचालित मॉडलः** 8 राज्य नामतः छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना परियोजना का 2017 में मंत्रिमंडल द्वारा यथा अनुमोदित राज्य संचालित मॉडल में कार्यान्वयन कर रहे हैं। राज्यों, यूएसओएफ और राज्यों की राज्य कार्यान्वयन एजेंसी (एसआईए) के साथ चौपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन राज्यों ने कार्यान्वयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है और उन्हें 877.57 करोड़ रुपए का आरंभिक अग्रिम प्रदान किया गया है। तमिलनाडु को छोड़कर सभी राज्यों ने आरएफपी जारी कर दिए हैं।
- **निजी क्षेत्र द्वारा संचालित मॉडलः** चरण–II में बिहार और पंजाब में कार्यान्वयन निजी क्षेत्र मॉडल के तहत किया गया है, बीबीएनएल ने सीधे निविदा जारी की हैं और कार्यान्वयन एजेंसी का चयन किया है तथा परियोजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

- **सीपीएसयू द्वारा संचालित मॉडलः** पीजीसीआईएल को दो राज्यों में और बीएसएनएल को 8 राज्यों में कार्यान्वयन संबंधी कार्य सौंपा गया है। पीजीसी आईएल हिमाचल प्रदेश, और उत्तराखंड के लिए है तथा बीएसएनएल असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के लिए है।
- **सेटेलाइट कनेक्टिविटीः** पूर्वोत्तर, जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सुदूर और पहाड़ी स्थानों में स्थित 6407 जीपी को सेटेलाइट से जोड़ा जा रहा है। ये राज्य हैं जहां ओएफसी कनेक्टिविटी को स्थापित करना कठिन रहा है तथा ओएफसी बिछाने के लिए आरंभिक डीओटी परियोजना में विलंब हुआ है और इसे लंबे समय से पूरा नहीं किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, इन क्षेत्रों में बैकहॉल भी अपेक्षित गुणवत्ता का नहीं है, जो या तो ओएफसी बैकहॉल के न होने के कारण अथवा ओएफसी पुराना हो जाने अथवा अनुरक्षण के वजह से ढ़ीला है। परियोजना के इस भाग का कार्यान्वयन जारी है।
- **अंतिम माइल कनेक्टिविटीः** दिनांक 11.07.2018 को टेलीकॉम कमीशन ने वाई–फाई अथवा अन्य समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम माईल कनेक्टिविटी अनुमोदित की। प्रत्येक जीपी में 5 पहुंच बिंदु (एपी) स्थापित किए जा रहे हैं और इनमें से 3 एपी सरकारी संस्थाओं में तथा 2 एपी सार्वजनिक स्थानों जिनमें जीपी स्थान पर एक शामिल है, पर स्थापित किए जाने है। टेलीकॉम कमीशन ने सीएससी–एसपीवी के माध्यम से उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में क्रमशः 25000 और 3243 वाई–फाई हॉट–स्पॉट की स्थापना की अनुमति दी है। इसके अतिरिक्त, संबंधित राज्य सरकारों द्वारा सीएससी–एसपीवी को त्रिपुरा के 1178 जीपी और कर्नाटक के 3407 जीपी के कार्यान्वयन का कार्य सौंपा गया है। राजस्थान में 10,000 जीपी में वाई–फाई के माध्यम से अंतिम माईल कनेक्टिविटी का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है।

2. वित्तीय निष्पादन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने 3,09,99,91,538 रुपए का कुल राजस्व (जिसमें 3,09,64,72,238 रुपए अर्थात् मुख्यतः यूएसओएफ के संबंध में संचालन व्यय हेतु दावे के कारण अन्य आय सहित) और 2,77,24,926 रुपए का कर पश्चात लाभ दर्ज किया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2016–17 में कंपनी को 22,84,80,486 रुपए का कर पश्चात लाभ हुआ था।

3. लाभांश

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने वित्तीय वर्ष के लिए 0.14 रुपये प्रति पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर की दर से लाभांश का प्रस्ताव किया है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरहोल्डरों के अनुमोदन के अधीन है।

4. मानव संसाधन

सरकार द्वारा कंपनी के लिए निर्धारित चुनौतीपरूण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिभा और मानव संसाधनों को एक सक्रिय भूमिका निभानी होती है। अपनी कर्मचारी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीबीएनएल दूरसंचार विभाग, यूएसओएफ, बीएसएनएल और एमटीएनएल से प्रतिनियुक्ति आधार पर वरिष्ठ प्रबंधकों को लेता रहा है। बीबीएनएल ने नियमित रूप से युवा स्नातक इंजीनियरों और वित्त व्यावसायिकों को भर्ती करने के भी प्रयास किए हैं। सरकार/पीएसयू के सेवानिवृत्त अधिकारियों को लेने के अलावा, अपनी लघु अवधि रिक्तियों को भरने के लिए बीबीएनएल ने राज्य संचालित मॉडल में अपनी भारतनेट परियोजना में तेजी लाने के लिए 4 वरिष्ठ परामर्शदाताओं (डीओटी के सेवानिवृत्त एचएजी और उससे ऊपर के अधिकारी) को भी नियुक्त किया है। पूर्वोत्तर राज्यों में रिक्त पदों को भरने के लिए सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों और पीएसयू के 58 वर्ष तक की आयु के कर्मचारियों को भर्ती करने का एक विशेष अभियान भी आरंभ किया तथा इसके आधार पर गुवाहाटी और अगरतला में अब सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों को नियुक्त किया गया है।

5. कारपोरेट अभिशासन

आपकी कंपनी लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) हेतु कारपोरेट अभिशासन के संबंध में दिशा–निर्देशों में यथा निर्धारित इष्टतम स्तर तक कारपोरेट अभिशासन मानदंडों के पूर्णतः अनुरूप है।

6. अभिस्वीकृति

निदेशक मंडल की ओर से मैं मुख्य शेयरधारक होने के भारत सरकार और अन्य मूल्यवान शेयरधारकों का निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए गहन आभार व्यक्त करता हूं। मैं संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग और यूनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन फंड से प्राप्त समर्थन और नियमित मार्गदर्शन की भी सराहना करता हूं।

इसके अतिरिक्त, मैं वित्त मंत्रालय, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उद्यम विभाग और अन्य प्रतिभागियों का कंपनी में दर्शाए गए विश्वास और भरोसे के लिए धन्यवाद देता हूं।

मैं वर्ष के दौरान बोर्ड सदस्यों, सीएंडएजी, अन्य लेखापरीक्षकों और बैंकरों का उनके द्वारा प्रदर्शित सहयोग तथा समर्थन के लिए सराहना करता हूं और धन्यवाद देता हूं।

बहुत–बहुत धन्यवाद।

संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
भारत ब्राडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
डीआईएन–07484614

दिनांक : 27.09.2018
स्थानः नई दिल्ली

सीआईएनःयू64100डीएल2012जीओआई232070

सदस्यों के लिए सूचना

कंपनी की निम्नलिखित कार्यों के लिए बृहस्पतिवार, दिनांक 27 सितम्बर, 2018 को 11:30 बजे, कमीशन कक्ष दूसरा तल, संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 में आयोजित होने वाली छठी (6ठी) वार्षिक आम बैठक के लिए सूचना दी जाती हैः–

सामान्य कार्य

मद संख्या 1 – लेखों को अपनाना

दिनांक 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार कंपनी के तुलन–पत्र को शामिल करते हुए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों और 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि के लिए लाभ एवं हानि विवरण तथा उस पर लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां और निदेशकों की रिपोर्ट के साथ कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अंतर्गत भारत के नियंत्रण एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों को प्राप्त करना, उन पर विचार करना तथा उन्हें स्वीकार करना।

मद संख्या 2 – लाभांश की घोषणा

निम्नलिखित संकल्प पर सामान्य संकल्प के रूप में विचार करना और यदि सही पाया जाए तो संशोधन के साथ अथवा उसके बगैर पारित करनाः–

"**संकल्प लिया जाता है** कि कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए की गई सिफारिश के अनुसार 0.14 रुपए प्रति शेयर का पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पर सदस्यों अंतिम लाभांश कंपनी के पात्र सदस्यों/शेयरधारकों को वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए दिए जाने की घोषणा की जाती है।"

मद संख्या 3

वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक की पुष्टि करना और कंपनी के निदेशक मंडल को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 (5) के साथ पठित धारा 142 के प्रावधानों के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल को प्राधिकृत करना।

विशेष कार्य

मद संख्या 4

निम्नलिखित संकल्प को संशोधनों के साथ अथवा उसके बगैर, यदि कोई हो, **सामान्य संकल्प** के रूप में विचार करना और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे पारित करनाः

सामान्य संकल्पः

"**संकल्प लिया जाता है** कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149, 152 और लागू अन्य प्रावधानों जो कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2017 द्वारा यथा संशोधित किए गए हैं और उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुसरण में तथा संगत प्राधिकारियों (किसी सांविधिक संशोधन अथवा उस समय लागू पुनः नियमन सहित) द्वारा जारी किसी अन्य दिशा–निर्देशों के प्रावधानों के अनुसरण में श्री आर.के. सिंह (डीआईएन–08178499) जिन्हें कंपनी के निदेशक (प्रचालन)– पूर्णकालीन निदेशक के रूप में कार्य करने के लिए 5 जुलाई, 2018 से अपर निदेशक के रूप में निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त किया गया था और जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161(1) के रूप में वार्षिक आम बैठक की तारीख तक पद ग्रहण करते हैं, को 5 जुलाई, 2018 से कंपनी के निदेशक (प्रचालन) – पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा कृते
भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड

ए.सी. उपाध्याय
सीएस एवं विधि प्रमुख
एफसीएस–4324

दिनांकः 25.09.2018
स्थानः नई दिल्ली

सेवा में,

1. बीबीएनएल के सभी सदस्य
2. सांविधिक लेखापरीक्षक
3. सचिवालय लेखापरीक्षक
4. बीबीएनएल के सभी निदेशक

संलग्नक:

1. **प्रबंधन विचार–विमर्श तथा विश्लेषण और निगम अभिशासन रिपोर्ट सहित निदेशक की रिपोर्ट**
2. **वित्तीय विवरण तथा वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए निदेशक की रिपोर्ट में निदेशक की रिपोर्ट–परिशिष्ट के संलग्नक सांविधिक लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां और उस पर प्रबंधन के उत्तर**
3. **निदेशक की रिपोर्ट के संलग्नक – सीएंडएजी की टिप्पणियां**

टिप्पणी:

1. **बैठक में भाग लेने और मतदान करने का पात्र कोई सदस्य उसके बजाय बैठक में भाग लेने और मतदान करने (चुनाव की स्थिति में) के लिए किसी अन्य व्यक्ति, जो अनिवार्य रूप से कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है, को प्रोक्सी के रूप में नियुक्त करने का पात्र होगा। प्रभावी होने के लिए प्रोक्सी कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक आरंभ होने से 48 घंटे पहले जमा की जानी चाहिए।**
2. ऐसे कारपोरेट सदस्य जो अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को भेजना चाहते है उनसे बैठक में भाग लेने और मतदान करने के लिए अपने प्रतिनिधियों को प्राधिकृत करते हुए बोर्ड के संकल्प की एक समुचित रूप से प्रमाणित प्रति भेजने का अनुरोध किया जाता है।
3. नोटिस में निर्धारित विशेष कार्य के संबंध में, जहां भी लागू हो, कंपनी अधिनियम, 2013 के धारा 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक टिप्पणी संलग्न है।
4. निदेशक मंडल द्वारा अपनी 9 अगस्त, 2018 को आयोजित बैठक में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 के प्रावधानों के अधीन की गई 0.14 रुपए की दर से प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की सिफारिश, यदि इस वार्षिक आम बैठक में सदस्यों द्वारा अनुमोदित की जाती है तो इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार पात्र सदस्यों/शेयरधारकों को प्रदान किया जाएगा।
5. संलग्न नोटिस तथा व्याख्यात्मक टिप्पणी में संदर्भित दस्तावेज वार्षिक आम बैठक की तारीख तक शनिवार और रविवार (सार्वजनिक अवकाश सहित) को छोड़कर सभी कार्य दिवसों को सामान्य कार्य घंटों (प्रातः 9:30 से सायं 06:00 बजे तक) के दौरान कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए खुले होंगे।
6. नियुक्ति/पुनर्नियुक्ति का अनुरोध करने वाले निदेशकों का संक्षिप्त प्रोफाइल संलग्न है और वह इस नोटिस का भाग है।
7. सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर हस्तांतरण पुस्तकें 25.09.2018 से 27.09.2018 (दोनों दिनों को शामिल करते हुए) बंद रहेंगे।
8. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का रजिस्टर और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 के अंतर्गत उनके द्वारा धारित शेयर तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखे गए अनुबंध अथवा करार रजिस्टर वार्षिक आम बैठक के स्थान पर सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे।
9. कंपनी अधिनियम की धारा 142 के साथ पठित धारा 139(5) के अनुसरण में किसी सरकारी कंपनी के लेखापरीक्षकों की नियुक्ति अथवा पुनः नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा की जाती है और उनका पारिश्रमिक वार्षिक आम बैठक में कंपनी द्वारा निर्धारित किया जाता है। इसलिए, कंपनी को कार्य की मात्रा में वृद्धि पर विचार करने के पश्चात् वर्ष 2018–19 के लिए लेखापरीक्षकों का समुचित पारिश्रमिक निर्धारित करने हेतु प्राधिकृत कर सकती हैं। तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध है कि वे वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए यथोचित सांविधिक लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक निर्धारित करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल को प्राधिकृत करें।
10. कंपनी का कोई भी निदेशक किसी भी प्रकार एक दूसरे से संबद्ध नहीं है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक टिप्पणी

मद संख्या 4

श्री आर.के. सिंह, अपर निदेशक एवं निदेशक (परिचालन)–पूर्णकालीन निदेशक की नियुक्ति

श्री आर.के. सिंह की भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) के बोर्ड में 5 जुलाई, 2018 से अपर निदेशक एवं निदेशक (प्रचालन)–पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई थी। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 161 के अनुसार वे कंपनी की आगामी वार्षिक आम सभा समाप्त होने तक पद धारण करेंगे।

वे 1985 बैच के भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने बीआईटी सिंद्री, रांची विश्वविद्यालय से प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग की है। उन्होंने मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ व्यापार प्रबंधन में स्नातकोत्तर (एमबीए) की है।

उनका समूचे भारत में विभिन्न स्थानों पर दूरसंचार सेवाओं की स्थापना, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण और प्रबंधन में तीन दशकों से अधिक

का गहन और विविध अनुभव रहा है। वे भारतनेट के तहत विभिन्न प्रायोगिक परियोजनाओं के माध्यम से योजना, प्रचालन, सेवाओं से संबंधित नीति निर्धारण में अग्रणी रहे हैं।

उनके कंपनी मे शून्य इक्विटी शेयर है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में श्री आर.के. सिंह को छोड़कर कंपनी का कोई भी प्रोमोटर, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक और उनके संबंधी किसी भी प्रकार से प्रस्तावित संकल्प से संबंधित अथवा हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल यह विचार करता है कि श्री आर.के. सिंह की पृष्ठभूमि और अनुभव को देखते हुए उन्हें कंपनी के निदेशक (प्रचालन) – पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्त करना कंपनी के हित में होगा। बोर्ड आपके अनुमोदन हेतु संकल्प की सिफारिश करता है।

वार्षिक आम बैठक में नियुक्त किए जा रहे निदेशकों का संक्षिप्त वृत्त–चित्र

छठे एजीएम में पुनः चुने जाने का अनुरोध करने वाले निदेशक

1.

नाम	श्री राजेश कुमार सिंह
डीआईएन	08178499
जन्म तिथि	09.09.1962
नियुक्ति की तारीख	05.07.2018
योग्यता	बी.ई. और एमबीए
विशिष्ट संचालन क्षेत्र में विशेषज्ञता	श्री राजेश कुमार सिंह 1985 बैच के भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी है। उन्होंने बीआईटी सिंद्री, रांची विश्वविद्यालय से प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग की है। उन्होंने मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ व्यापार प्रबंधन में स्नातकोत्तर (एमबीए) की है। उनका समूचे भारत में विभिन्न स्थानों पर दूरसंचार सेवाओं की स्थापना, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण और प्रबंधन में तीन दशकों से अधिक का गहन और विविध अनुभव रहा है। वे भारतनेट के तहत विभिन्न प्रायोगिक परियोजनाओं के माध्यम से योजना, प्रचालन, सेवाओं से संबंधित नीति निर्धारण में अग्रणी रहे हैं।
31.03.2018 के अनुसार अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद (अंशकालीन)	शून्य
31.03.2018 के अनुसार अन्य कपनियों में सदस्यता/समितियों की अध्यक्षता	शून्य
धारित शेयरों की संख्या	शून्य

उपस्थिति स्लिप

मैं, कमीशन कक्ष, दूसरा तल, संचार भवन, 20, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 में बृहस्पतिवार, 27 सितम्बर, 2018 को 11:30 बजे आयोजित कंपनी की छठी (6ठी) वार्षिक आम बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करता हूं।

शेयर धारक का नाम _____

_____

प्रोक्सी का नाम _____

_____

(यदि शेयरधारक के स्थान पर प्रोक्सी भाग लेता है तो भरा जाए)

लेजर फोलियो संख्या _____

धारित शेयरों की संख्या _____

शेयरधारक/प्रोक्सी के हस्ताक्षर _____



फॉर्म संख्या एमजीटी–11 – प्रोक्सी फॉर्म

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105(6) और कंपनी (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 19(3) के अनुसरण में,

सीआईएन : **यू64100डीएल2012जीओआई232070**

कंपनी का नाम : **भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : **कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस, मान्डी गांव रोड, महरौली, नई दिल्ली–1100 30**

सदस्य (यों) का नाम: _____

पंजीकृत पता: _____

ई–मेल आईडी: _____ **फोलियो संख्या / ग्राहक आईडी:** _____ **डीपी आईडी:** _____

मैं / हम भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के ..... इक्विटी शेयर का सदस्य, निम्निलिखित को

1. नाम: .....
   पता: .....
   ई–मेल आईडी: .....
   हस्ताक्षर: ....., अथवा उसके न होने पर

2. नाम: .....
   पता: .....
   ई–मेल आईडी: .....
   हस्ताक्षर: ....., अथवा उसके न होने पर

3. नाम: .....
   पता: .....
   ई–मेल आईडी: .....
   हस्ताक्षर: .....

बृहस्पतिवार, दिनांक 27 सितम्बर, 2018 को 11:30 बजे, कमीशन कक्ष दूसरे तल, संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 में आयोजित होने वाली कंपनी की छठी (6ठी) आम बैठक तथा निम्नानुसार बैठक के संचालन के नोटिस में निर्धारित संकल्पों के संबंध में किसी स्थगन में मेरे लिए और मेरी तरफ से मेरे / हमारे प्रोक्सी के रूप में भाग लेने तथा मतदान करने (मतदान की स्थिति में) के लिए नियुक्त करता हूं:

क्र.सं.	संकल्प
	सामान्य कार्य
1.	दिनांक 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार कंपनी के तुलन–पत्र को शामिल करते हुए लेखापरीक्षित लेखों और उक्त तारीख को समाप्त अवधि के लिए लाभ एवं हानि विवरण तथा लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां और निदेशकों की रिपोर्ट के साथ कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अंतर्गत भारत के नियंत्रण एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों को प्राप्त करना, उन पर विचार करना तथा उन्हें स्वीकार करना।
2.	लाभांश की घोषणा
3.	कंपनी के निदेशक बोर्ड को वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक की पुष्टि करना और वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के साथ पठित धारा 142 के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक निर्धारित करने हेतु निदेशक मंडल को प्राधिकृत करना।
	विशेष कार्य
4.	श्री आर.के. सिंह की पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्ति

2018 के ..... की ..... तारीख को हस्ताक्षरित

अंशधारक के हस्ताक्षर

प्रोक्सी धारक के हस्ताक्षर

रसीदी टिकट लगाए

टिप्पणी: प्रभावी होने के लिए प्रोक्सी का यह फॉर्म पूरी तरह से भरकर बैठक आरंभ होने के न्यूनतम 48 घंटे पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा करवाया जाना चाहिए।

सदस्यों के लिए निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

निदेशक मंडल की ओर से दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की छठी (6ठी) वार्षिक रिपोर्ट तथा संपरीक्षित वार्षिक लेखों के साथ उस पर सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की समीक्षा की रिपोर्ट प्रस्तुत करना मेरा सौभाग्य है।

1. वित्तीय परिणाम

विवरण	राशि (भारतीय रुपए में)	
	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए
संचालन से राजस्व	35,19,300	32,24,500
अन्य आय	3,09,64,72,238	1,06,00,61,543
कुल राजस्व	**3,09,99,91,538**	**1,06,32,86,043**
कर्मचारियों की पारिश्रमिक तथा लाभ	12,94,78,683	4,64,86,754
वित्तीय लागत	40,59,780	43,07,166
अवमूल्यों तथा परिशोधन व्यय	-	50,01,242
प्रशासनिक, संचालन तथा अन्य व्यय	2,90,35,97,143	72,29,72,554
कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व	15,00,000	-
कुल व्यय	**3,03,86,35,606**	**77,87,67,716**
पूर्व अवधि मद से पूर्व लाभ/(हानि) और कर	**6,13,55,932**	**28,45,18,327**
पूर्व अवधि मदें	**(2,04,56,806)**	**(34,31,885)**
कर से पूर्व लाभ/(हानि) कर	**4,08,99,126**	**28,10,86,442**
कर व्ययः		
चालू वर्ष के लिए कर व्यय	1,31,74,200	7,91,15,040
पूर्व अवधि से संबंधित चालू कर व्यय	-	-
डेफर्ड कर	-	(2,65,09,084)
कर पश्चात लाभ/(हानि)	**2,77,24,926**	**22,84,80,486**
प्रति शेयर अर्जनः		
मूल	0.46	3.81
सरलीकृत	0.46	3.81
सामान्य आरक्षित में हस्तांतरित	**1,00,00,000**	**5,00,00,000**

2. निष्पादन झलकियां और सिंहावलोकन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने कुल 3,09,99,91,538 रुपए का राजस्व (जिसमें 3,09,64,72,238 अर्थात् अन्य आय मुख्यत यूएसओएफ पर संचालन व्यय हेतु दावे के लिए है) और कर पश्चात लाभ 2,77,24,926 रुपए है। पिछले वित्तीय वर्ष 2016–17 में कंपनी को 22,84,80,486 रुपए का कर पश्चात लाभ हुआ है। कंपनी द्वारा सृजित राजस्व बैंडविथ प्रभारों और अन्य आय के कारण हैं जो ब्याज आय की बजह से हुई है।

3. लाभांश

कंपनी ने वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर 0.14 रूपए की दर से लाभांश की घोषणा की है जो आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है।

4. आरक्षितों में हस्तांतरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सामान्य आरक्षित खाते में 1,00,00,000 रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है।

5. मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

कंपनी के लिए सरकार द्वारा तय किए गए चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिभावान व्यक्तियों और मानव संसाधन को एक सक्रिय भूमिका निभानी अपेक्षित है। अपने कर्मचारियों संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीबीएनएल प्रतिनियुक्ति आधार पर डीओटी, यूएसओएफ, बीएसएनएल और एमटीएनएल से वरिष्ठ प्रबंधन को लेती रही है। बीबीएनएल ने युवा स्नातक इंजीनियरों और वित्तीय व्यावसायिकों की भर्ती करने के भी प्रयास किए हैं। सरकार/पीएसयू के सेवानिवृत्त अधिकारियों को भर्ती करने के अतिरिक्त बीबीएनएल लघु अवधि रिक्तियों को भरने के लिए हाल ही में चार वरिष्ठ परामर्शदाताओं की नियुक्ति की है (सेवानिवृत्त एचएजी और डीओटी के उससे ऊपर के अधिकारी)। पूर्वोत्तर राज्यों में रिक्त पदों को भरने के लिए 58 वर्ष की आयु तक सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों और पीएसयू के कर्मचारियों से भरे जाने का एक विशेष अभियान आरंभ किया गया था और इसके आधार पर सेवानिवृत्त सेनाकर्मी अब गुवाहाटी और अगरतला में तैनात किए गए हैं।

प्रशिक्षण

विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित किए जाने के लिए एक्जीक्यूटिव की विभिन्न श्रेणियों को संगठित करने और अवसर प्रदान करने की पहल की गई थी। अंतर्राष्ट्रीय परियोजना और कार्यक्रम प्रबंधन संस्थान में परियोजना प्रबंधन में 12 अधिकारियों का प्रशिक्षण आरंभ किया गया। युवा इंजीनियरिंग स्नातकों और वित्त व्यावसायिकों को गहन ऑन द जॉब प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अधिकारियों को नियमित रूप से

डीपीई कार्यक्रमों में प्रशिक्षण हेतु भेजा जाता है। राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों और केंद्रीय पीएसयू तथा बीबीएनएल के अधिकारियों को परियोजना निगरानी टूल जिसे बीबीएनएल द्वारा तैयार किया गया है, में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार प्रकटन

कंपनी में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों में शून्य सहनशीलता हैं और उसने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुरूप कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण से संबंधित नीति अपनाई है।

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान कंपनी को यौन उत्पीड़न के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। बीबीएनएल में सीजीएम (योजना एवं समन्वय) सीजीएम (लेखा) और सहायक प्रबंधक (लेखा), एक्जीक्यूटिव ट्रैनिंग (एचआर) और उपाध्यक्ष, वाईडब्ल्यूसीए की एक आंतरिक समिति का कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों को देखने हेतु गठन किया गया है।

6. वेबसाइट पर रखे गए दस्तावेज (www.bbnl.nic.in)

अधिनियम के अनुसरण में वेबसाइट पर निम्नलिखित दस्तावेज डाले गए हैः

(i) आचार संहिता (बीबीएनएल के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधकों के लिए व्यापार आचार संहिता और नीति);

(ii) सिटीजन चार्टर;

(iii) बीबीएनएल प्रापण पुस्तिका;

(iv) स्वतंत्र बाह्य मॉनीटरों का विवरण (आईईएमएस);

(v) एजीएम की सूचना के साथ कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट;

(vi) विसल ब्लोअर नीति/सतर्कता तंत्र;

(vii) उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति।

(viii) सीएसआर संबंधी नीति

7. अब तक हुई प्रगति

''भारतनेट''

मंत्रिमंडल द्वारा 25.10.2011 को अनुमोदित भारतनेट ब्रॉडबैंड द्वारा सभी ग्राम पंचायतों (लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतें) को जोड़ने के लिए नेटवर्क स्थापित किए जाने हेतु एक परियोजना है। यह परियोजना कार्यान्वयन के अधीन है और बनाई गई अवसंरचना एक राष्ट्रीय संपत्ति होगी जो सेवा प्रदाताओं को गैर–भेदभाव रूप से पहुंच योग्य होगी। इस परियोजना का उद्देश्य डिजीटल इंडिया के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए राज्यों तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी से ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में नागरिकों तथा संस्थाओं को बहनीय ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करना है।

मंत्रिमंडल ने 19 जुलाई, 2017 को भारतनेट के लिए संशोधित कार्यनीति अनुमोदित की जो परियोजना के चरण–1 के कार्यान्वयन अनुभव को समेकित करती है और इसे डिजीटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाती है। इसका सार निम्नानुसार हैः

चरण–II

(i) इसका कार्यान्वयन राज्यों, निजी क्षेत्र और सीपीएसयू के माध्यम से किया जाएगा।

(ii) ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए मीडिया (ओएफसी, रेडियो और सेटेलाइट) का इष्टतम मिश्रण का उपयोग किया जाएगा।

(iii) ग्राम पंचायतों तक ब्लॉक से नई फाइबर बिछाना (चरण–1 में एफपीओआई से इन्क्रीमेंटल फाइबर बिछायी जा रही है)।

(iv) सेवा प्रदाताओं को पट्टे पर देने के लिए जीपी स्तर पर डार्क फाइबर उपलब्ध कराई जाएगी।

(v) परियोजना के जीवन पर्यन्त नेटवर्क का संचालन और अनुरक्षण।

मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित भारतनेट की कुल लागत 42,068 करोड़ रुपए (जीएसटी, चुंगी और स्थानीय कर को छोड़कर) है।

क. चरण–I की स्थिति

परियोजना का चरण– I दिसंबर, 2017 में पूरा हो गया है जिसमें 1,00,000 से अधिक जीपी को सेवा हेतु तैयार किया जा रहा है।

ख. भारतनेट का उपयोग

- 9794 वाणिज्य फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन प्रदान किए गए है।
- परिस्थितिकी को आरंभ करने और भारतनेट के उपयोग का संवर्धन करने के लिए बैंडविथ के लिए छूट प्राप्त शुल्क तथा सेवा प्रदान करने हेतु नेटवर्क के उपयोग हेतु डार्क फाइबर के लिए छूट प्राप्त शुल्क तैयार और लागू किया गया है।
- सेवा प्रदाताओं को भारतनेट के संबंध में उनके उपकरणों का परीक्षण करने के लिए टीएसपी द्वारा निःशुल्क ट्रायल (अर्थात् प्रति सेवा प्रदाता 10 ट्रायल) का परीक्षण किया जा रहा है और इसे बीबीएनएल द्वारा सुकर बनाया जा रहा है। आज की स्थिति के अनुसार एयरटेल, रिलायंस जियो, आइडिया और वोडाफोन ट्रायल कर रहे हैं।

ग. चरण– II की स्थितिः

चरण– II के 31 मार्च, 2019 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। इसकी प्रगति निम्नानुसार है;

- **राज्य द्वारा संचालित मॉडलः** 8 राज्यों नामतः छत्तीसगढ़,

गुजरात, झारखण्ड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना को दूरसंचार आयोग द्वारा निधियन की मात्रा के साथ राज्य संचालित मॉडल के अंतर्गत कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित किया गया है। 8 राज्यों और यूएसओएफ तथा एसआईए के साथ चतुष्पक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन राज्यों ने कार्यान्वयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है और उन्हें 877.57 करोड़ रुपए का अग्रिम प्रदान किया गया है। तमिलनाडु को छोड़कर सभी राज्यों ने आरएफपी जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ ने कार्य आरंभ करने के लिए परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं। झारखंड, गुजरात और महाराष्ट्र में वित्तीय बोलियां खोली गई है।

- **निजी क्षेत्र द्वारा संचालित मॉडलः** बिहार और पंजाब में निजी क्षेत्र मॉडल के अंतर्गत परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) ने 6 पैकेज के अंतर्गत आदेश जारी किया है और सर्वेक्षण प्रगतिरत है।
- **सीपीएसयू द्वारा संचालित मॉडलः** 2 राज्यों में पीजीसीआईएल को तथा 8 राज्यों में बीएसएनएल को कार्यान्वयन संबंधी कार्य सौंपा गया है। पीजीसीआईएल ने हिमाचल प्रदेश के लिए डीपीआर प्रस्तुत किए हैं और बीएसएनएल ने 7 टेलीकॉम सर्कल नामतः, असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश (पूर्वी), उत्तर प्रदेश (पश्चिमी), पश्चिम बंगाल और सिक्किम के लिए डीपीआर प्रस्तुत किए हैं तथा 01.05.2018 को दूरसंचार आयोग द्वारा डीपीआर अनुमोदित किए गए हैं। बीएसएनएल ने 41035 जीपी के लिए निविदा जारी की है और इसमें से 17869 जीपी के लिए कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं। 9897 किलोमीटर डक्ट बिछायी गई है। बाकी जीपी के लिए निविदाएं जारी करना विभिन्न चरणों में है। पीजीसीआईएल ने दो राज्यों के लिए निविदाएं जारी कर दी हैं। हिमाचल प्रदेश के लिए वित्तीय बोली खोली गई है और उत्तराखंड के लिए तकनीकी बोली खोली गई है।
- **सेटेलाइट कनेक्टिविटीः** पूर्वोत्तर राज्य, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित 6407 जीपी को सेटेलाइट माध्यम से जोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है ताकि अनुमोदित समय–सीमा के भीतर सभी जीपी को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके। इन 6407 जीपी में से 1407 जीपी को बीएसएनएल के माध्यम से सेटेलाइट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है जबकि बाकी का कार्यान्वयन बोली प्रक्रिया के माध्यम से बीबीएनएल द्वारा किया जा रहा है। बीएसएनएल ने कार्यान्वयन के लिए एजेंसी का चुनाव कर लिया है और कार्य आदेश/क्रय आदेश जारी किया गया है। 1407 जीपी में से पहले 2 जीपी की अगस्त, 2018 में स्थापना कर दी गई है। अब बीबीएनएल की निविदा को अंतिम रूप दे दिया गया है तथा कार्य प्रदान कर दिया गया है।
- **लास्ट माइल कनेक्टिविटीः** 11.07.2018 को दूरसंचार आयोग ने वाई–फाई अथवा अन्य समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से लास्ट माइल कनेक्टिविटी मॉडल अनुमोदित किया। प्रत्येक जीपी में पांच पहुंच बिंदुओं (एपी) की स्थापना की जा रही है और इनमें से 3 एपी सरकारी संस्थाओं में और 2 सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित किए जा रहे हैं जिनमें एक जीपी स्थान पर शामिल है। दूरसंचार आयोग ने 25000 और 3243 वाई–फाई हॉटस्पॉट सीएससी–एसपीवी के माध्यम से क्रमशः उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में स्थापना की अनुमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त सीएससी–एसपीवी को त्रिपुरा के 1178 जीपी और कर्नाटक के 3407 जीपी में संबंधित राज्य सरकारों के माध्यम से वाई–फाई के कार्यान्वयन का कार्य सौंपा है। राजस्थान में 10,000 जीपी में वाई–फाई के माध्यम से लास्ट माइल कनेक्टिविटी का कार्य राज्य सरकार को सौंपा गया है। कार्यान्वयन प्रगतिरत है और वर्तमान स्थिति निम्नानुसार हैः

क्र. सं.	राज्य	जीपी की संख्या	कार्यान्वयन एजेंसी	कार्यान्वयन की स्थिति
1.	उत्तर प्रदेश	25,000	सीएससी–एसपीवी (एमआईटी के तहत एक निकाय)	10,000 जीपी में स्थापित किए गये
2.	हिमाचल प्रदेश	3243		165 जीपी में स्थापित किए गये
3.	राजस्थान	10,000	राजस्थान सरकार/ आरआईएसएल	6,500 जीपी में स्थापित किए गये
4.	शेष राज्य	2.10 लाख (लगभग)	बीबीएनएल	18.09.2018 को निविदा खोली गई

घ. भारतनेट परियोजना की स्थितिः

12.08.2018 के अनुसार भारतनेट परियोजना की स्थिति निम्नानुसार हैः

क.सं.	गतिविधि	उपलब्धि
1.	ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी (जीपी)	1,18,665
2.	ओएफसी लेड (किमी)	2,86,477 किमी
3.	सर्विस रेडी (जीपी)	1,14,186

8. वार्षिक रिटर्न का उद्धरण फॉर्म संख्या एमजीटी–9

समीक्षाधीन वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के अनुसरण में फॉर्म संख्या एमजीटी–9 में कंपनी की वार्षिक रिटर्न का उद्धरण **अनुबंध–क** में दिया गया है।

तथापि, कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकता के अनुसार वार्षिक रिटर्न को कंपनी रजिस्ट्रार के पास दायर करने के पश्चात् कंपनी

द्वारा अपलोड किया जाएगा और इसे सदस्यों द्वारा लिंक http://www.bbnl.nic.in/index1.aspx?1sid=50&lev=2&lid=47&langid=1 पर देखा जा सकता है।

9. कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अपेक्षित कारपोरेट अभिशासन रिपोर्ट, प्रबंधन विचार–विमर्श एवं विश्लेषण तथा अन्य सूचना

9.1 कारपोरेट अभिशासन रिपोर्ट:

आपकी कंपनी सभी प्रतिभागियों के हितों की सुरक्षा में सभी स्तरों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कारपोरेट अभिशासन के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु वचनबद्ध है। कंपनी, कंपनी अधिनियम के अंतर्गत यथा निर्धारित कारपोरेट अभिशासन की शर्तों तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई), भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने इष्टतम संभावित सीमा तक अनुपालन करती है।

शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करते हुए पेशेवर कंपनी सचिव के एक प्रमाण–पत्र के साथ दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कारपोरेट अभिशासन संबंधी एक रिपोर्ट जो वार्षिक रिपोर्ट का भाग है, इस रिपोर्ट के **अनुबंध–ख** के साथ संलग्न है।

9.2 आचार संहिता के अनुपालन के संबंध में घोषणा

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित आचार संहिता के अनुपालन संबंधी घोषणा इस रिपोर्ट में **अनुबंध–ग** के रूप में संलग्न है।

9.3 मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीएमडी)/मुख्य वित्त अधिकारी निदेशक (वित्त) द्वारा वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रमाण–पत्र/घोषणा

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीएमडी)/मुख्य वित्त अधिकारी (निदेशक (वित्त) द्वारा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रमाण–पत्र/घोषणा इस रिपोर्ट में **अनुबंध–घ** के रूप में संलग्न है।

9.4 प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट:

डीपीई द्वारा जारी सीपीएसई के लिए कारपोरेट अभिशासन संबंधी दिशा–निर्देशों के खंड 7.5 के अनुसार 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के संचालन और निष्पादन के संबंध में "प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट" **अनुबंध–ड.** में संलग्न है।

10. निदेशक उत्तरदायित्व प्राक्कथन

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(सी) व (5) तथा प्रबंधन से प्राप्त अभ्यावेदनों के आधार पर निदेशक इस बात की पुष्टि करते है कि:

i) वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए वार्षिक लेखे तैयार करने में सभी लागू लेखन मानकों को वस्तुस्थिति से विचलन से संबंधित समुचित व्याख्या के साथ अपनाया गया है;

ii) उन्होंने ऐसी लेखन नीतियों का चयन किया है और उन्हें सतत् रूप से अपनाया है तथा ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए हैं जो वित्तीय वर्ष को समाप्त अवधि के अनुसार कंपनी के मामलों और वित्तीय वर्ष को समाप्त अवधि के लिए लाभ एवं हानि खाते का सही और समुचित दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए समुचित एवं विवेकपूर्ण हैं;

iii) उन्होंने उनकी जानकारी और योग्यता के अनुसार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में पर्याप्त लेखन रिकॉर्ड रखने के लिए समुचित एवं पर्याप्त देखभाल की है। उन्होंने यह पुष्टि की है कि उनके पास कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं की रोकथाम करने एवं उनका पता लगाने के लिए पर्याप्त प्रणाली एवं नियंत्रण मौजूद है;

iv) उन्होंने जारी हितों के आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए है;

v) उन्होंने कंपनी द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त है तथा समुचित रूप से कार्य कर रहे हैं; और

vi) उन्होंने सभी लागू नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली तैयार की है और ऐसी प्रणाली पर्याप्त थी तथा प्रभावी रूप से कार्य कर रही थी।

11. सांविधिक लेखापरीक्षक

मै. रावला एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, नई दिल्ली को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए आपकी कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी के वार्षिक लेखों की लेखापरीक्षा की है।

12. वित्तीय विवरणों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक लेखों की स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट तथा उस पर प्रबंधन के उत्तर तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों के साथ उन पर प्रबंधन के उत्तर निदेशक की रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

13. सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए कंपनी की सचिवालयी लेखापरीक्षा मैसर्स जे.के. गुप्ता एंड एसोसिएट्श, पेशेवर कंपनी सचिव, नई दिल्ली द्वारा की गई है। सचिवालयी लेखापरीक्षा **अनुबंध–च** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

14. सचिवीय लेखापरीक्षक द्वारा उनकी रिपोर्ट में योग्यताओं, निहितार्थों अथवा प्रतिकूल टिप्पणियों अथवा अस्वीकरण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(च) के अंतर्गत व्याख्या अथवा टिप्पणियां:

सचिवालयी लेखापरीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्टों में निम्नलिखित योग्यताएं, निहितार्थ अथवा प्रतिकूल टिप्पणियां थी और उन पर प्रबंधन का उत्तर नीचे दिया गया है:

लेखापरीक्षा पैरा संख्या	सचिवालयी लेखापरीक्षक की टिप्पणियां	प्रबंधन का उत्तर
(i)	समीक्षाधीन अवधि के दौरान यह पाया गया है कि कंपनी के निदेशक मंडल का गठन कंपनी में स्वतंत्र निदेशकों की अनुस्थिति के कारण नहीं किया गया है जिससे डीपीई के निदेशों के तहत भी चूक हुई है कि अपेक्षित संख्या में संचालन निदेशक (सीएमडी/एमडी सहित) बोर्ड की वास्तविक संख्या से 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए, इसके अतिरिक्त स्वतंत्र निदेशकों का न होना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के तहत चूक है।	कंपनी ने कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए पहले ही दूरसंचार विभाग/सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है।
(ii)	निदेशक मंडल की समितियों का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अनिवार्य आवश्यकता है जिसको कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति में गठित नहीं किया गया है।	कंपनी ने कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए पहले ही दूरसंचार विभाग/सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है।

इसके अतिरिक्त, **अनुबंध–क** पर सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में सचिवालयी लेखापरीक्षक ने निम्नलिखित टिप्पणियां की है:–

लेखापरीक्षा पैरा संख्या	सचिवालयी लेखापरीक्षक की टिप्पणियां
अनुबंध–क – क्रम संख्या 3	हमने समीक्षाधीन अवधि के लिए आतंरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर भरोसा किया है, अतः हमने नमूना आधार पर सांविधिक/विधायी अनुपालनों की सटीकता की जांच की है। उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पणियां भी इस रिपोर्ट का भाग है।
अनुबंध–क – क्रम संख्या 4	हमने समीक्षा अवधि के लिए सांविधिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर भरोसा किया है अतः हमने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड और लेखा पुस्तकों की सटीकता की जांच नहीं की है। उनकी रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पियां इस रिपोर्ट का भाग हैं।

उपर्युक्त के संबंध में प्रबंधन का समेकित उत्तर पहले ही वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न प्रबंधकों के उत्तर के खंड में दिया गया है।

15. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकीय समावेषण तथा शोध एवं विकास पर व्यय

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा 134(3)(ड) के प्रावधानों के अनसुरण में ऊर्जा के संरक्षण के संबंध में सूचना नीचे दी गई है:

क) ऊर्जा संरक्षण

क) ऊर्जा के संरक्षण के लिए उठाए गए कदम अथवा प्रभाव:

कंपनी ने पहले ही शास्त्री पार्क में अपने नेटवर्क प्रचालन केंद्र/कार्यालय में ऊर्जा बचत एलईडी ट्यूबलाइट/बल्बों का स्थापित किया है। ईस्ट किदवई नगर में अपने नए कार्यालय में एलईडी लाइटों का प्रावधान किया गया है।

ख) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदम:

ग्राम पंचायतों में ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधन के रूप में सौर ऊर्जा पहले ही स्थापित कर दी गई है।

ग) ऊर्जा संरक्षण उपकरण के संबंध में पूंजीगत निवेश:

शून्य

ख) प्रौद्योगिकीय समावेषण, उन्हें अपनाना और नवाचार

क) प्रौद्योगिकीय समावेषण, उन्हें अपनाने और नवाचार के लिए उठाए गए संक्षेप में कदम:

जीपौन प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए एक प्रयोग किया गया था। प्रायोगिक परियोजना से सीखते हुए जीपौन के लिए तदंतर निविदा में इसे शामिल किया गया है। इसी प्रकार त्वरित निष्पादन और त्वरित चूक मरम्मत के लिए चरण–II में रिबन आधारित ऑप्टिकल फाइबर और एफडीएमएस आरंभ किया गया है। विभिन्न राज्यों में शीघ्र कार्यान्वयन के लिए एरियल फाइबर बिछायी गई है। सुदूर और पहाड़ी स्थानों (बिना किसी कनेक्टिविटी के) सेटेलाइट कनेक्टिविटी का प्रस्ताव किया गया है।

ख) उपर्युक्त प्रयासों, उदाहरण उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास, आयात प्रतिस्थापन इत्यादि के परिणामस्वरूप पहुंचे लाभ

जीपी में कनेक्टिविटी के लिए स्वदेशी रूप से तैयार जीपौन बिछाया जा रहा है। बीबीएनएल द्वारा जीओआई/डीओटी की पीएमआई नीति का अनुपालन किया जा रहा हैं।

ग) आयाती प्रौद्योगिकी के मामले में (वित्तीय वर्ष के आरंभ से शुरू करते हुए विगत पांच वर्षों के दौरान आयातित) निम्नलिखित सूचना दी जा सकती है:

(क) आयातित प्रौद्योगिकी : शून्य

(ख) आयात का वर्ष : शून्य

(ग) क्या प्रौद्योगिकी पूरी तरह से समावेशित की गई है : शून्य

(घ) यदि पूरी तरह से समावेशित नहीं की गई है तो वे क्षेत्र जहां ऐसा नहीं हुआ है, इसके कारण तथा भविष्य की योजनाएं : शून्य

(ग) आरएंडडी पर व्यय (राशि रुपए में)

क्र.सं.	विवरण	2017-18	2016-17
1.	पूंजी	शून्य	शून्य
2.	आवर्ती	शून्य	शून्य
3.	कुल	शून्य	शून्य
4.	कुल टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में कुल आरएंडडी व्यय	शून्य	शून्य

16. विदेशी मुद्रा आय और व्यय

क्र. सं.	विदेशी मुद्रा आय/व्यय	राशि भारतीय रुपए में	
		31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए
1.	विदेशी मुद्रा आय	शून्य	शून्य
2.	विदेश यात्रा पर भुगतान पर हुआ व्यय	3,50,835	1,45,516
3.	अन्य	1,29,375	4,49,394
4.	सीआईएफ आधार पर आयात का मूल्य (अर्जन आधार पर)	शून्य	शून्य
5.	विदेशी मुद्रा वापसी, यदि कोई हो,	शून्य	शून्य

17. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

कंपनी अब कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत यथा निर्धारित कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के क्षेत्राधिकारी/मापदंडों के अधीन शामिल है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसरण में बोर्ड ने सीएसआर उप समिति का गठन किया है और बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(5) का अनुपालन करने के लिए स्वच्छ भारत कोष में 15,00,000/– रुपए का योगदान दिया है। कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी एक विस्तृत रिपोर्ट कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की आवश्यकतानुसार **अनुबंध–छ** में संलग्न है।

18. लोगों से जमा

कंपनी ने लोगों से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है और इस प्रकार लोगों से मूल अथवा जमा पर ब्याज के लिए कोई राशि तुलन–पत्र की तारीख के अनुसार बकाया नहीं थी।

19. निदेशक बोर्ड

19.1 31.03.2018 के अनुसार कंपनी का निदेशक मंडल निम्नानुसार है:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	निम्न तिथि से कार्यग्रहण की अवधि
1.	श्री संजय सिंह@	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	18.03.2016 से
2.	श्री अमित यादव	सरकारी नामिती निदेशक	01.02.2018 से
3.	श्री महमूद अहमद	सरकारी नामिती निदेशक	16.12.2016 से
4.	श्री मनोज आनंद*	निदेशक (वित्त)	29.07.2016 से
5.	श्री एन.के. जोशी**	निदेशक (प्रचालन)	15.11.2017 से
6.	श्री ए.के. सक्सेना***	निदेशक (योजना)	15.11.2017 से

@डी ओ टी के आदेश के अनुसरण में श्री संजय सिंह, प्रशासक, (यूएसओएफ) डीओटी को कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

*डी ओ टी के आदेश के अनुसार श्री मनोज आनंद, सीजीएम बीबीएनएल को कंपनी के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

**डी ओ टी के आदेश के अनुसार श्री एन. के. जोशी, डीडीजी (यूएसओएफ) को कंपनी के निदेशक (प्रचालन) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

***डी ओ टी के आदेश के अनुसरण में श्री एक.के. सक्सेना, सीजीएम और राज्य प्रमुख महाराष्ट्र, बीबीएनएल को निदेशक (योजना) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

19.2 निम्नलिखित व्यक्तियों को वर्ष के दौरान/पिछली एजीएम की तारीख से समीक्षाधीन तारीख तक निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में नियुक्त किया गया था:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख
1.	श्री अमित यादव	सरकारी नामिती निदेशक	01.02.2018
2.	श्री आर. के. सिंह	निदेशक (प्रचालन)	05.07.2018

19.3 निम्नलिखित व्यक्ति समीक्षाधीन वर्ष के दौरान/पिछली एजीएम से आज तक की तारीख तक निदेशक/केएमपी नहीं रहे

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	पद छोड़ने की तारीख
1.	श्री बी.के. मित्तल	निदेशक (प्रचालन)	29.07.2015	31.10.2017
2.	श्री बी.के. मित्तल	निदेशक (योजना)	01.01.2016	31.10.2017
3.	श्री शशि रंजन कुमार	सरकारी नामिती निदेशक	06.11.2015	31.01.2018
4.	श्री एन.के. जोशी	निदेशक (प्रचालन)	15.11.2017	04.07.2018
5.	श्री ए.के. सक्सेना	निदेशक (योजना)	15.11.2017	24.09.2018

19.4 निम्नलिखित व्यक्तियों को समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार केएमपी के रूप में पदनामित किया गया था:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख
1.	श्री संजय सिंह	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	18.03.2016 से
2.	श्री मनोज आनंद	निदेशक (वित्त)	29.07.2016
3.	श्री एन.के. जोशी	निदेशक (प्रचालन)	15.11.2017
4.	श्री ए.के. सक्सेना	निदेशक (योजना)	15.11.2017
5.	श्री ए.सी उपाध्याय	कंपनी सचिव और प्रमुख विधि	01.04.2014

19.5 बोर्ड की बैठकें

बोर्ड के सदस्यों की बोर्ड बैठक में उपस्थिति तथा अन्य विवरण कारपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है। वर्ष 2017–18 के दौरान कंपनी के निदेशक बोर्ड की निम्न तारीखों को बारह (12) बैठकें हुई:

65वीं बोर्ड बैठक 25.05.2017	66वीं बोर्ड बैठक 05.06.2017	67वीं बोर्ड बैठक 10.07.2017	68वीं बोर्ड बैठक 26.08.2017
69वीं बोर्ड बैठक 17.10.2017	70वीं बोर्ड बैठक 25.10.2017	71वीं बोर्ड बैठक 07.11.2017	72वीं बोर्ड बैठक 15.11.2017
73वीं बोर्ड बैठक 08.12.2017	74वीं बोर्ड बैठक 20.12.2017	75वीं बोर्ड बैठक 27.02.2018	76वीं बोर्ड बैठक 08.03.2018

20. लेखापरीक्षा समिति

आरंभ में बोर्ड द्वारा 22.04.2013 को लेखापरीक्षा समिति का गठन किया गया है जिसमें दो सरकारी नामिती निदेशक तथा एक संचालन निदेशक शामिल हैं। कंपनी सचिव लेखापरीक्षा समिति का सचिव है। वर्ष के दौरान 5 (पांच) लेखापरीक्षा समिति की बैठकों का आयोजन किया गया है।

22वीं लेखापरीक्षा समिति 05.07.2017	23वीं लेखापरीक्षा समिति 13.07.2017	24वीं लेखापरीक्षा समिति 09.11.2017
25वीं लेखापरीक्षा समिति 15.11.2017	26वीं लेखापरीक्षा समिति 20.12.2017	

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए दूरसंचार विभाग/सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है, जो लंबित है। जैसे ही मंत्रालय/सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा बीबीएनएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति कर दी जाएगी, लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया जाएगा।

31.03.2018 तक निदेशक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा 31.03.2018 तक बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है:–

क्र. सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री अमित यादव*	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	लागू नहीं
2.	श्री शशि रंजन कुमार**	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	5
8. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति

सीएसआर समिति का कार्य क्षेत्र और संरचना कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान 22.03.2018 को पहली बैठक आयोजित की गई थी। 31 मार्च, 2018 को निदेशक मंडल की सीएसआर समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा बैठकों में उपस्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री अमित यादव	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	1
2.	श्री महमूद अहमद	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	1
3.	श्री मनोज आनंद	सदस्य	निदेशक (वित्त)	1

9. सांविधिक लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) ने वर्ष 2017–18 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक/शाखा लेखापरीक्षकों के रूप में निम्नलिखित सनदी लेखाकार फर्मों की नियुक्ति की है:

रावला एंड कंपनी
फर्म पंजीकरण संख्या 001661एन
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली

वर्ष 2017–18 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक को 5,00,000/– रुपए (पांच लाख रूपए) का भुगतान किया गया था।

10. वार्षिक आम बैठक (एजीएम):

कंपनी की पिछली 3 वार्षिक आम बैठकों का विवरण निम्नानुसार है:–

एजीएम की संख्या	वित्तीय वर्ष	दिनांक	समय	स्थान	पारित विशेष संकल्प
5वीं वार्षिक आम बैठक	01.04.2016 से 31.03.2017	27.12.2017	16:00 बजे	कॉन्फ्रेंस कमरा, दूसरा तल, संचार भवन, नई दिल्ली–110001	शून्य
4थी वार्षिक आम बैठक	01.04.2015 से 31.03.2016	29.11.2016	16:00 बजे	कॉन्फ्रेंस हाल, 13वां तल, संचार भवन, नई दिल्ली–110001	शून्य
3री वार्षिक आम बैठक	01.04.2014 से 31.03.2015	28.09.2015	16:00 बजे	कॉन्फ्रेंस हाल, 13वां तल, संचार भवन, नई दिल्ली–110001	शून्य

11. प्रकटन

(i) वास्तविक रूप से महत्वपूर्ण पार्टी संबंधित लेन–देन का प्रकटन:

कंपनी ने निदेशकों अथवा वरिष्ठ प्रबंधन अथवा उनके संबंधियों के साथ 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए कोई वास्तविक वित्तीय अथवा वाणिज्यिक लेनदेन नहीं किया है जिसका कंपनी के हितों पर कोई प्रभाव हो।

वर्ष 2017–18 के लिए लेखों का भाग बनने वाले पार्टी लेनदेन से संबंधित लेखन मानक 18 के अंतर्गत आवश्यक प्रकटन किए गए हैं।

(ii) यह पुनः पुष्टि की जाती है कि किसी भी सांविधिक निकाय द्वारा कोई दंड, आदेश लगाया गया है।

(iii) अन्य बातों के साथ–साथ एक विसल ब्लोअर तंत्र की एक उत्साही मापदंड के रूप में स्थापना करते हुए सीजी मानदंडों के अनुपालन के समावेशन के लिए डीपीई के समझौता ज्ञापन कार्यबल के अधिदेश के परिणामस्वरूप कंपनी ने विसल ब्लोअर नीति/सतर्कता तंत्र स्थापित किया है जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया था।

(iv) कंपनी दूरसंचार विभाग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा समय–समय पर जारी अध्यक्षीय निर्देशों और अन्य दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करती रही है।

(v) वर्ष के दौरान, पुस्तकों तथा लेखों में ऐसे किसी व्यय को डेबिट नहीं किया गया है जो बिजनेस व्यय के उद्देश्य के लिए न किए गए हों और व्यक्तिगत स्वरूप के किसी भी व्यय को निदेशक बोर्ड तथा शीर्ष प्रबंधन के लिए खर्च किया गया हो।

(vi) लेखे कार्रवाई का प्रकटन कंपनी वित्तीय विवरण तैयार करने में भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों का अनुसरण करती है। कंपनी ने किसी भी लेखा मानक में निर्धारित मानक से भिन्न व्यवहार नहीं अपनाया है।

(vii) लेखा पुस्तकों/अन्य व्यय में लिए गए व्यय की मदों तथा प्रशासनिक एवं अन्य वित्तीय व्यय के ब्यौरे वित्तीय विवरण तथा लेखा टिप्पणियों में दिए गए हैं।

(viii) वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष का भाषण भी उन शेयरधारकों को वितरित किया जाता है जो कंपनी की वार्षिक आम बैठक में भाग लेते है और इसे कंपनी की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाता है।

(ix) प्रबधन का विचार–विमर्श तथा विश्लेषण रिपोर्ट निदेशक की रिपोर्ट 2017–18 का भाग है।

(x) डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसरण में कंपनी की 'व्यापार आचार संहिता और बोर्ड सदस्यों तता वरिष्ठ प्रबंधन की नीति' बोर्ड द्वारा निर्धारित की गईहै और बीबीएनएल दवारा इसका कार्यान्वयन किया गया है। उक्त कोड़ को संबद्ध पक्षों को परिचालित किया गया है और इसे कंपनी को वेबसाइट पर डाला गया है। कंपनी के बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंध कार्मिकों ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए उक्च आचार संहिता के प्रावधानों के अनुपालन की पुष्टि करता है। इस संबंध में कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक की घोषणा रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

12. संचार के माध्यम

वार्षिक वित्तीय विवरण, नई विज्ञप्ति, निविदा तथा कैरियर संभावनाएं इत्यादि कंपनी के वेबसाइट में डाली जाती हैं।

सूचना को कंपनी की वेबसाइट पर डाला जानाः– कंपनी की वेबसाइट www.bbnl.nic.in एक उपभोक्ता सुकर साइट है जिसमें सभी नवीनतम घटनाक्रम शामिल हैं।

अन्य बातों के साथ–साथ लेखापरीक्षित लेखे, निदेशक की रिपोर्ट, स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा इन पर प्रबंधन का उत्तर भारत के सीएंडएजी की टिप्पणियां और समीक्षा को शामिल करते हुए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट सभी सदस्यों और पात्र व्यक्तियों को, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 में उल्लेख किया गया है, को परिचालित की जाती है तथा इसे संसद के सदनों के पटल पर भी रखा जाता हैं।

13. सदस्य बोर्ड का प्रशिक्षण

नए निदेशकों को कंपनी के दृष्टिकोण नीति, वित्तीय मामलों, बिजनेस प्रचालन, जोखिम मामलों सहित प्रमुख मूल्यों के संबंध में उन्मुखीकरण और इंडक्शन प्रदान किया जाता है। सामान्य प्रक्रिया पुस्तिका ब्राउजर्स, वार्षिक रिपोर्ट, प्रशासनिक मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन, कंपनी का संगम ज्ञापन, कारपोरेट गवर्नेंस पर दिशा–निर्देश इत्यादि प्रदान करना है।

14. निदेशकों द्वारा शेयरहोल्डिंग और स्टॉक विकल्पः

लगभग सौ प्रतिशत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी होने के नाते 99.99 प्रतिशत शेयर संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा धारित है। निदेशकों को किसी योग्यता शेयर रखने की आवश्यकता नहीं है।

कंपनी ने अपने निदेशकों/कर्मचारियों के लिए कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किए हैं।

15. कारपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन संबंधी प्रमाण–पत्र

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के लिए लागू कारपोरेट गवर्नेंस दिशा–निर्देश जारी किए हैं जिन्हें मई, 2010 से अनिवार्य बनाया गया है।

सामान्यतः, कंपनी ने बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों की संख्या को छोड़कर सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों में यथानिर्धारित कार्पोरेट गवर्नेंस मानदंडों की शर्तों का अनुपालन किया है। कंपनी ने इस मामले को नियुक्ति प्राधिकरण अर्थात् भारत सरकार के साथ उठाया है। स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार के विचाराधीन है। इस संबंध में पेशेवर कंपनी सचिव से एक प्रमाण–पत्र प्राप्त किया गया है जो इस रिपोर्ट का भाग हैं।

अनुबंध–ग

आचार संहिता के अनुपालन संबंधी घोषणा

मैं यह घोषित करता हूं कि कंपनी ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबंध में निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधकों कार्मिकों के लिए कंपनी की व्यापार आचार संहिता और नीति के अनुपालन के बारे में निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिकों से पुष्टि प्राप्त की है।

कृत तथा की ओर से निदेशक मंडल
भारतब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड

संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंधक निदेशक
डीआईएन07484614

दिनांकः 25.09.2018
स्थानः नई दिल्ली

कारपोरेट गवर्नेंस मानदंडों के अनुपालन संबंधी प्रमाण–पत्र

सेवा में,

सदस्य,

मैसर्स भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड,
कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैंपस,
मांडी गांव रोड, महरोली,
नई दिल्ली–110030

हमने दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा यथा उल्लिखित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कारपोरेट गवर्नेंस मानदंडों के संबंध में दिशा–निर्देशों में यथा निर्धारित अनुसार मैसर्स भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन के संबंध में संगत पुस्तकों, रिकॉर्ड और विवरणों की जांच की है।

कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच दिशा–निर्देशों में यथा निर्धारित कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और उनके क्रियान्वयन तक सीमित है। हमारी रिपोर्ट/प्रमाण–पत्र न तो लेखापरीक्षा और न ही वह कंपनी के वित्तीय विवरणों पर विचारों की अभिव्यक्ति है।

प्रस्तुत रिकार्डों, व्याख्या और सूचना की हमारी जांच के आधार पर हम यह प्रमाणित करते है कि कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या में नियुक्ति जो हमारी समझ से भारत सरकार द्वारा की जाती है, को छोड़कर केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) के लिए कारपोरेट अभिशासन संबंधी दिशा–निर्देशों, 2010 की सभी अनिवार्य शर्तों का अनुपालन किया है। कंपनी निरंतर इसे कंपनी अधिनियम, 2013 और डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुपालन हेतु भारत सरकार के साथ उठा रही है।

हम यह भी उल्लेख करते है कि यह अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का और न ही प्रभाविता की सक्षमता का आश्वासन है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों का संचालन किया है।

कृते शिफा बद्री एंड एसोशिएट्स
कंपनी सेक्रेटरी

शिफा बद्री
एम सं. एफ 7965
सीपी सं.17399

दिनांकः 28.08.2018
स्थानः नोएडा

अनुबंध–घ

कंपनी के चीफ एक्जीक्यूटिव/मुख्य वित्तीय अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों से संबंधित प्रमाणपत्र/घोषणा

हम भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के संजय सिंह, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक और मनोज आनन्द, निदेशक (वित्त) और सीएफओ 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबध में निम्नलिखित प्रमाणित करते हैं:

(1) हमने वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की समीक्षा की है और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसारः

i. इन विवरणों में ऐसी कोई वास्तविक गलत विवरण नहीं है अथवा किसी वास्तविक तथ्य को हटाया नहीं गया है अथवा इनमें ऐसे विवरण नहीं हैं जोकि भ्रामक हों; तथा

ii. ये विवरण कंपनी के मामलों की सही और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत करते हैं और ये मौजूदा लेखन मानकों, लागू नियमों और विनियमों के अनुसार हैं।

(2) हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा ऐसा कोई लेनदेन नहीं किया गया है जो धोखाधड़ीपूर्ण, गैर–कानूनी अथवा कंपनी की आचार–संहिता का उल्लघंन हों।

(3) हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और उन्हें बनाये रखने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभाविता का मूल्यांकन किया है और हमने लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षक समिति को आंतरिक नियंत्रण के डिजायन अथवा संचालन में खामियां, यदि कोई हो, जिनके प्रति हम अवगत हैं के बारे में सूचित किया है तथा इनमें संशोधन करने के लिए उठाये गए कदमों अथवा उठाये जाने के लिए प्रस्तावित कदमों के बारे में सूचित किया है।

(4) जहां लागू हों हमने लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षक समिति को निम्न सूचित किए हैं:

क. वर्ष के दौरान वित्तीय रिपार्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हों;

ख. वर्ष के दौरान लेखन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हो और इसे वित्तीय विवरणों की टिप्पणी में प्रकट किया गया है; और

ग. महत्वपूर्ण धोखाधड़ी की घटनाएं, यदि कोई हों, जिनमें कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में प्रबंधन अथवा किसी कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका हो।

संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंधन निदेशक
डीआईएन 07484614

मनोज आनन्द
निदेशक (वित्त)
डीआईएन–07583289

दिनांकः 25.09.2018
स्थानः नई दिल्ली

अनुबंध–ड.

प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

i) उद्योग अवसंरचना और विकास

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार को एक प्रमुख आर्थिक वृद्धि का साधन माना जाता है। विश्व भर में और भारत में किए गए कई अध्ययनों से ब्रॉडबैंड सघनता और ग्रामीण लोगों की अर्थव्यवस्था में सुधार के बीच के मजबूत संबंध देखा गया है। ऑप्टिकल फाइबर ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए प्राथमिक संचार माध्यम है। चाहे यह 4जी डाटा सेवाएं, केबल टीवी सेवाएं हों अथवा ई–स्वास्थ्य, ई–शिक्षा इत्यादि हो। असीमित बैंडविथ ले जाने की अपनी क्षमता के जरिए ऑप्टिकल फाइबर डिजीटल सिग्नल के प्रवाह के लिए अत्यधिक व्यवहार्य माध्यम प्रदान करता है।

उद्योग जगत से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण यह सुझाते है कि ऑप्टिकल फाइबर जिला तथा ब्लॉक स्तर तक पहुंच गया है। ब्लॉक स्तर पर यह मुख्यतः सीपीएसयू है और मुख्यतः इसकी सबसे बड़ी उपस्थिति है, जबकि अधिकांश निजी ईकाइयां जिला स्तर पर उपस्थित है। ग्रामीण क्षेत्र अधिकांशतः ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी से वंचित है। निजी संचालकों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार मामलों के अभाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों तक ब्रॉडबैंड सेवाएं ले जाने में शायद ही कोई निवेश किया गया है।

देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच डिजीटल डिवाइड को पाटने के लिए सरकार का हस्तक्षेप आवश्यक है। इस संदर्भ में एनओएफएन (अब भारतनेट) की अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सृजित करने तथा उनकी सेवाओं को ग्रामीण उपभोक्ताओं तक विस्तार करने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र दोनों में सेवा प्रदाताओं को योग्य बनाने हेतु देश में 2,50,000 ग्राम पंचायतों तक छूट गए ओएफसी नेटवर्क प्रदान करने हेतु स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। नेटवर्क तक सभी सेवा प्रदाताओं के लिए गैर भेदकारी पहुंच परियोजना का एक प्रमुख घटक है।

ii) एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण

बीबीएनएल का एक एसडब्लयूओटी विश्लेषण नीचे दिया गया है:

दृढ़ता:

- नेटवर्क के त्वरित विस्तार के लिए सीपीएसयू की मौजूदा केबल का लाभ उठाना।
- सरकार से मजबूत वचनबद्धता और निधियन
- सरकारी पूल से अत्याधिक अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत श्रमिकोंकी उपलब्धता
- ओएफसी नेटवर्क डालने/स्थापित करने के लिए सुव्यवस्थित एवं प्रयोग–सिद्ध प्रक्रियाओं और विनिर्देशों की उपलब्धता।
- राज्यी सरकारों से निःशुल्क आरओडब्लयू के रूप में तथा जीपी में अवसंरचना के रूप में मजबूत सहायता
- राज्यों की चरण–।। के कार्यान्वलयन में भागीदारी।

कमजोरियां:

- पॉवर, चोरी और कनेक्टिविटी जैसी ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं से नेटवर्क के प्रदर्शन पर प्रभाव।
- कुछ क्षेत्रों में मौजूदा खराब फाइबर नेटवर्क एसएएल पर प्रभाव डाल सकता है।
- बहु–एजेंसी क्रियान्वयन मॉडल से विशेषकर उस भूगोल के संबंध में सहयोग संबंधी मुद्दे उठ सकते हैं जिन्हें एनओएफएन के अंतर्गत शामिल किया जाना है।
- वृहत भूगोलीय प्रसार और बहु एजेंसियों के साथ समन्वय के कारण ओएंडएम चुनौतियां।
- बीबीएनएल के एक नए संगठन होने के नाते संगठनात्मक स्थापना अभी पूरी तरह से स्थापित नहीं की गई है।
- लौसी फाइबर

संभावनाएं

- डाटा और वीडियों की बढ़ती हुई मांग से उच्च बैंडविथ की मांग में अत्यधिक वृद्धि होगी।
- ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार संभावनाएं वी2सी और बी2बी सेवाओं के प्रसार का पक्ष लेंगी।
- अल्प ब्राडबैंड का अर्थ बडी मांग होगा
- डिजीटल इंडिया पहल के कारण जी2सी और बी2सी सेवाओं के लिए अधिक मांग संभावित।
- ब्रॉडबैंड के सेवा डिलीवरी हेतु मूल अवंसरचना के रूप में सरकार का दृष्टिकोण।

खतरे

- ग्रामीण क्षेत्रों में अल्प क्रय शक्ति अनिश्चित मांग के कारण राजस्व पर दबाव बना सकती है।
- डिजीटल साक्षरता, वहनीय उपकरणों और स्थानीय भाषा में पर्याप्त विषय–वस्तु का अभाव।
- ग्रामीण पर्यावरण प्रणाली समग्र नहीं है जिसमें अल्प अपटेक हो सकता है जिसके कारण परियोजना की व्यवहार्यता में प्रभाव पड़ सकता है।
- जिले से ब्लॉक क्षेत्र तक वहनीय बैंडविथ का उपलब्ध अंतर।

iii) क्षेत्र–वार अथवा उत्पाद–वार प्रदर्शन

बीबीएनएल केवल एक बाजार क्षेत्र में कार्य कर रही है अर्थात अपने नेटवर्क से बैंडविथ और डार्क फाइबर प्रदान करना। बीबीएनएल द्वारा भारतनेट परियोजना के अंतर्गत बाजार को किए जाने वाले प्रस्ताव गैर–भेदभावपूर्ण आधार पर सेवाप्रदाताओं को प्रदान किए जाने वाली

होलसेल बैंडविथ की परियोजना है। बैंडविथ बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उचित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रस्तावित की जा रही हैं। बीबीएनएल लीज पर विभिन्न सेवा प्रदाताओं एवं भागीदारों के लिए बिछायी जा रही इंक्रीमेंटल केबल पर भारतनेट फाइबर भी प्रदान कर रही है। इस फाइबर का सेवा प्रदाताओं द्वारा अपने नेटवर्क में कनेक्टिविटी अंतराल को भरने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल की व्यापक पहुंच को देखते हुए और बीएसएनएल के बीबीएनएल नेटवर्क की ओएंडएम एजेंसी होने के नाते बीएसएनएल के साथ राजस्व शेयरिंग करार (आरएसए) किया गया है जिसमें बीएसएनएल भारतनेट का प्रयोग करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भारतनेट की सेवाओं का विपणन करेगी और अर्जित राजस्व को बीएसएनएल तथा बीबीएनएल के बीच बांटा जाएगा।

बीबीएनएल एनसीओ, एमएसओ इत्यादि की आवश्यकताओं को समझने के लिए अपने विपणन कार्यों को मजबूत बना रही है और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर रही है।

iv) परिदृश्य

क. **भारतनेट कनेक्टिविटी:** बीबीएनएल गैर–भेदभाव फोन आधार पर बीबीएनएल के एन्क्रीमेंटल केवल पर भारतनेट बैंडविथ और डार्क फाइबर प्रदान करता है। शुल्क प्रकाशित किए गए हैं और कोई भी सेवा प्रदाता ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए इस कनेक्विविटी का उपयोग कर सकता है।

ख. **फाइबर (एफटीटीएच)/ब्रॉडबैंड सेवाएं:** सेवाओं में तेजी लाने के लिए बीबीएनएल ने बीएसएनएल के साथ एक राजस्व शेयरिंग करार पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें बीएसएनएल भारतनेट का उपयोग करते हुए ग्रामीण उपभोक्ताओं को ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करता रहा है। 24 अगस्त, 2018 के अनुसार विभिन्न राज्यों जैसे कि केरल, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, गुजरात, झारखंड, बिहार, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, ओडिशा और पुद्दुचेरी में भारतनेट कनेक्टिविटी का प्रयोग करते हुए बीएसएनएल द्वारा ग्राम पंचायतों में लगभग 13,205 वाणिज्यिक एफटीटीएच कनेक्शन प्रदान किए हैं। इसके अतिरिक्त, बीबीएनएल ने सेवाओं की स्थिरता का मूल्यांकन करते हुए और ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों को ब्रॉडबैंड सेवाओं का अनुभव कराते हुए एटी के लिए 1.25 लाख रुपए जीपी में एफटीटीएच कनेक्शन के प्रावधान किए है। 24 अगस्त, 2018 के अनुसार ऐसे एफटीटीएच कनेक्शन का उपयोग करते हुए लगभग 1,06,000 जीपी में सेवाएं प्रदान की गई है।

ग. **बाई–फाई हॉटस्पॉट:**

- बीएसएनएल ने महाराष्ट्र, कर्नाटक, पुद्दुचेरी, केरल और उत्तर प्रदेश में 1694 ग्राम पंचायतों में बाई बाई–फाई हॉटस्पॉट के लिए भारतनेट कनेक्टिविटी का प्रयोग किया है।
- हरियाणा, चंडीगढ़, पुद्दुचेरी, उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में यूएसओएफ द्वारा व्यवहार्य अंतर निधियन के माध्यम से 5,000 ग्राम पंचायतों में बाई–फाई सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएससी एसपीवी द्वारा भारतनेट बैंडविथ का प्रयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त, सीएससी एसपीवी को उत्तर प्रदेश में 25,000 जीपी और हिमाचल प्रदेश में 3,243 जीपी में दूरसंचार आयोग (टीसी) द्वारा बाई–फाई हॉटस्पॉट स्थापित करने का कार्य दिया गया है। हाल ही में टीसी ने त्रिपुरा में 1178 जीपी और कर्नाटक में 3407 जीपी यूएसओएफ द्वारा वीजीएफ के माध्यम से बाई–फाई हॉटस्पॉट स्थापित करने की अनुमति प्रदान की है। 24 अगस्त, 2018 के अनुसार 19089 जीपी में बाई–फाई अवसंरचना स्थापित की गई है और सीएससी एसपीवी द्वारा लगभग 5016 जीपी में सेवा आरंभ की गई है।
- राजस्थान सरकार यूएसओएफ द्वारा व्यवहार्य अंतर निधियन के माध्यम से 10,000 जीपी में बाई–फाई सेवाएं स्थापित कर रही है। आज की स्थिति के अनुसार उन्होंने 6500 जीपी में बाई–फाई इन्फ्रा स्थापित किए हैं जिनमें से 1200 जीपी सक्रिय हो गए हैं।

घ. **दूरसंचार सेवा प्रदाता (टीएसपी):** दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने अपने 4जी/एलटीई सेवाओं के लिए भारतनेट कनेक्टिविटी का उपयोग करने की इच्छा जताई है। रिलायंस जियो, भारतीय एयरटेल, वोडाफोन और आइडियो सेल्युलर ने पहले ही इसके लिए 17.86 करोड़ रुपए का अग्रिम जमा करवाया है। रियालंस जियो 30,000 से अधिक जीपी में व्यवहार्यता का अध्ययन कर रहा है जबकि एयरटेल लगभग 10,000 जीपी में व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है। एयरटेल ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों में 320 जीपी में 1जीबीपीएस बैंडविथ का अनुरोध किया है जिसके लिए स्थापना चल रही है और 24 अगस्त, 2018 के अनुसार 33 सर्किटों की स्थापना की गई है। वोडाफोन को हरियाणा में 204 जीपी के लिए डार्क फाइबर की व्यवहार्यता प्रदान की गई है जिसके लिए उन्होंने 11 जीपी में डार्क फाइबर का अनुरोध किया है। इसके लिए स्थापना की कार्रवाई चल रही है।

ङ. **इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी):** विभिन्न आईएसपी ने जीपी में ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, केरल, कर्नाटक और पंजाब राज्यों में लगभग 2340 जीपी में भारतनेट कनेक्टिविटी ली है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न आईएसपी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात राज्यों में भारतनेट का उपयोग करने की व्यवहार्यता का अध्ययन कर रहे है।

च. **स्वान समेकनः** राष्ट्रीय सूचना अवसंरचना प्रायोगिक परियोजना के तहत केरल के त्रिवेन्द्रम जिले में 72जीपी और 170 कार्यालयों को जोड़ा गया है, कर्नाटक के मैसूर जिले में 258 जीपी और 59 कार्यालयों को जोड़ा गया है, पुदुचेरी में 48 जीपी को जोड़ा गया है, गुजरात के आनंद जिले में 117 जीपी को जोड़ा गया है, उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में 190 जीपी को जोड़ा गया है और चंडीगढ़ में 12 में से 11 जीपी को जोड़ा गया है। स्वान का राजस्थान में 1605 जीपी में विस्तार किया गया है और इसका पश्चिम बंगाल में 03 जीपी में विस्तार किया गया।

छ. **डार्क फाइबर प्रयोगः** बीएसएनएल द्वारा केरल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, झारखंड, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक और ओडिशा में ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए लगभग 445 फाइबर किलोमीटर का उपयोग किया गया है।

v) जोखिम और चिंताए

जोखिम प्रबंधन कंपनी की व्यापार नीति का एक समेकित भाग है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया का उद्यम जोखिम प्रबंधन अवसंरचना द्वारा अभिशासन किया जाता है। जोखिम प्रबंधन परिदृश्य ढांचे में बोर्ड की समितियां वरिष्ठ प्रबंधन समितियां शामिल है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति ("आरएमसी") जोखिम नीतियों के अनुपालन की समीक्षा करती है, जोखिम वहनीयता सीमाओं की निगरानी करती है, विशिष्ट मुद्दों से संबंधित जोखिम प्रदर्शन की समीक्षा तथा विश्लेषण करती है और संगठन में जोखिम का परिदृश्य प्रदान करती है। आरएमसी कंपनी में एक मजबूत जोखिम प्रबंधन संस्कृति का समावेशन करने के लिए एक स्वस्थ तथा स्तवंत्र जोखिम प्रबंधन संचालन का पोषण करती है। बीबीएनएल के बोर्ड द्वारा इन मुद्दों को हल करने के लिए एक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। कंपनी ने बीबीएनएल के लिए एक जोखिम प्रबंधन नीति ढांचा तैयार किया है।

vi) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उनकी पर्याप्तता

कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली वित्तीय सूचना देने और नियमों और विनियमों के अनुपालन में संचालन सक्षमता, संसाधनों के संरक्षण, सटीकता और तीव्रता के लिए तैयार की गई है। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की सहायता इसकी प्रणाली तथा प्रक्रिया और विनियमों तथा प्रक्रिया के साथ अनुपालन सहित कंपना के आंतरिक नियंत्रण की सटीकता और सक्षमता की समीक्षा के लिए एक आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा की जाती है। आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्ट पर प्रबंधन में विचार–विमर्श किया जाता है और बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति द्व ारा इसकी समीक्षा की जाती है जो कंपनी में आंतरिक नियंत्रण की सटीकता तथा प्रभाविता की भी समीक्षा करती है।

vii) संचालनात्मक प्रदर्शन के संबंध में वित्तीय प्रदर्शन पर विचार–विमर्श

संक्षिप्त वित्तीय परिणाम नीचे दिए गए है:–

विवरण	राशि (भारतीय रुपए में)	
	31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए
संचालन से राजस्व	35,19,300	32,24,500
अन्य आय	3,09,64,72,238	1,06,00,61,543
कुल राजस्व	**3,09,99,91,538**	**1,06,32,86,043**
कर्मचारियों की पारिश्रमिक तथा लाभ	12,94,78,683	4,64,86,754
वित्तीय लागत	40,59,780	43,07,166
अवमूल्यों तथा परिशोधन व्यय	-	50,01,242
प्रशासनिक, संचालन तथा अन्य व्यय	2,90,35,97,143	72,29,72,554
कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व	15,00,000	-
कुल व्यय	**3,03,86,35,606**	**77,87,67,716**
पूर्व अवधि मद से पूर्व लाभ/(हानि) और कर	6,13,55,932	28,45,18,327
पूर्व अवधि मदें	(2,04,56,806)	(34,31,885)
कर से पूर्व लाभ/(हानि) कर	4,08,99,126	28,10,86,442
कर व्ययः		
चालू वर्ष के लिए कर व्यय	1,31,74,200	7,91,15,040
पूर्व अवधि से संबंधित चालू कर व्यय	-	-
डेफर्ड कर	-	(2,65,09,084)
कर पश्चात लाभ/(हानि)	**2,77,24,926**	**22,84,80,486**
प्रति शेयर अर्जनः		
मूल	0.46	3.81
सरलीकृत	0.46	3.81
सामान्य आरक्षित में हस्तांतरित	**1,00,00,000**	**5,00,00,000**

viii) नियुक्त व्यक्तियों की संख्या सहित मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध में वास्तविक विकास

आज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपकी कंपनी को संगठित तथा समुचित रूप से स्थापित किया गया है। निर्देशी सिद्धांत संगठन को इच्छुक बनाए रखना है। संगठन तीन शाखाओं में बना है – वित्त, योजना तथा प्रचालन। सरकार द्वारा कंपनी के लिए स्थापित किए गए चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए कंपनी, प्रतिभा और मानव संसाधन सक्रिय भूमिका निभाते हैं। अपनी कर्मचारियों की आवश्य,कताओं को पूरा करने के लिए बीबीएनएल डीओटी, यूएसओएफ, बीएसएनएल तथा एमटीएनएल से प्रतिनियुक्ति आधार पर वरिष्ठ प्रबंधन के प्रयास करता रहा है। बीबीएनएल ने युवा स्नायतक इंजीनियरों और वित्त/व्यावसायिकों को नियमित रूप से नियुक्त करने के भी प्रयास किए हैं। लघु अवधि पदों को भरने के

लिए सरकार/पीएसयू के सेवानिवृत्त अधिकारियों को नियुक्त करने के अतिरिक्त , बीबीएनएल ने राज्य संचालित मॉडल में अपनी भारतनेट परियोजना में तेजी लाने के लिए 4 वरिष्ठ, परामर्शदाताओं (सेवानिवृत्त एचएजी और डीओटी के उसके उपर के अधिकारी) को नियुक्त, किया है। पूर्वोत्तर राज्यों में रिक्तियों भरने के लिए सेवानिवृत्त सेना अधिकारियों और पीएसयू अधिकारियों को 58 वर्ष की आयु तक लेने का एक विशेष अभियान आरंभ किया गया और इसके आधार पर सेवानिवृत्त सेना कर्मियों को अब गुवाहाटी और अगरतला में नियुक्त किया गया है। बीबीएनएल का संगठनात्मकक चार्ट निम्नातनुसार है–

x) उपलब्धियां

मंत्रिमंडल द्वारा 25.10.2011 को अनुमोदित भारतनेट ब्रॉडबैंड द्वारा सभी ग्राम पंचायतों (लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतें) को जोड़ने के लिए नेटवर्क स्थापित किए जाने हेतु एक परियोजना है। यह परियोजना कार्यान्वयन के अधीन है और बनाई गई अवसंरचना एक राष्ट्रीय संपत्ति होगी जो सेवा प्रदाताओं को गैर–भेदभाव रूप से पहुंच योग्य होगी। इस परियोजना का उद्देश्य डिजीटल इंडिया के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए राज्यों तथा निजी क्षेत्र की भागीदारी से ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में नागरिकों तथा संस्थाओं को बहनीय ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करना है।



बीबीएनएल एक नया संगठन है और यह आवश्यकता अनुसार बढ़ रहा है। 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार आपकी कंपनी में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार कर्मचारियों की संख्या थी।

स्तर	कार्यरत (कुल)	एससी/एसटी	ओबीसी	सामान्य	महिलाएं	एससी/एसटी	ओबीसी	सामान्य
स्तर–1	96	20	10	66	3	0	0	3
स्तर–2	30	5	7	18	6	2	0	4
कुल	**126**	**25**	**17**	**84**	**9**	**2**	**0**	**7**

ix) पर्यावरण सुरक्षा तथा संरक्षण

बीबीएनएल पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करता है।

मंत्रिमंडल ने 19 जुलाई, 2017 को भारतनेट के लिए संशोधित कार्यनीति अनुमोदित की जो परियोजना के चरण–I के कार्यान्वयन अनुभव को समेकित करती है और इसे डिजीटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप बनाती है। इसका सार निम्नानुसार है:

चरण–II

i. इसका कार्यान्वयन राज्यों, निजी क्षेत्र और सीपीएसयू के माध्यम से किया जाएगा।

ii. ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए मीडिया (ओएफसी, रेडियो और सेटेलाइट) का इष्टतम मिश्रण का उपयोग किया जाएगा।

iii. ग्राम पंचायतों तक ब्लॉक से नई फाइबर बिछाना (चरण– I में एफपीओआई से इन्क्रीमेंटल फाइबर बिछायी जा रही है)।

iv. सेवा प्रदाताओं को पट्टे पर देने के लिए जीपी स्तर पर डार्क फाइबर उपलब्ध कराई जाएगी।

v. परियोजना के जीवन पर्यन्त नेटवर्क का संचालन और अनुरक्षण।

मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित भारतनेट की कुल लागत 42,068 करोड़ रुपए (जीएसटी, चुंगी और स्थानीय कर को छोड़कर) है।

क. चरण–I की स्थितिः

परियोजना का चरण–I दिसंबर, 2017 में पूरा हो गया है जिसमें 1,00,000 जीपी को सेवा हेतु तैयार किया जा रहा है।

ख. भारतनेट का उपयोग

- 9794 वाणिज्य फाइबर टू द होम (एफपीटीएच) कनेक्शन प्रदान किए गए है।
- परिस्थिति को आरंभ करने और भारतनेट के उपयोग का संवर्धन करने के लिए बैंडविथ के लिए छूट प्राप्त शुल्क तथा सेवा प्रदान करने हेतु नेटवर्क के उपयोग हेतु डार्क फाइबर के लिए छूट प्राप्त शुल्क तैयार और लागू किया गया है।
- सेवा प्रदाताओं को भारतनेट के संबंध में उनके उपकरणों का परीक्षण करने के लिए टीएसपी द्वारा निःशुल्क ट्रायल (अर्थात् प्रति सेवा प्रदाता 10 ट्रायल) का परीक्षण किया जा रहा है और इसे बीबीएनएल द्वारा सुकर बनाया जा रहा है। आज की स्थिति के अनुसार एयरटेल, रिलायंस जियो, आइडिया और वोडाफोन ट्रायल कर रहे हैं।

ग. चरण–II की स्थितिः

चरण– II के 31 मार्च, 2019 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। इसकी प्रगति निम्नानुसार हैः

- **राज्य द्वारा संचालित मॉडलः** 8 राज्यों नामतः छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखण्ड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा और तेलंगाना को दूरसंचार आयोग द्वारा निधियन की मात्रा के साथ राज्य संचालित मॉडल के अंतर्गत कार्यान्वयन के लिए अनुमोदित किया गया है। 8 राज्यों और यूएसओएफ तथा एसआईए के साथ चतुष्पक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन राज्यों ने कार्यान्वयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है और उन्हें 877.57 करोड़ रुपए का अग्रिम प्रदान किया गया है। तमिलनाडु को छोड़कर सभी राज्यों ने आरएफपी जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ ने कार्य आरंभ करने के लिए परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) के साथ करार पर हस्ताक्षर किए हैं। झारखंड, गुजरात और महाराष्ट्र में वित्तीय बोलियां खोली गई हैं।
- **निजी क्षेत्र द्वारा संचालित मॉडलः** बिहार और पंजाब में निजी क्षेत्र मॉडल के अंतर्गत परियोजना के कार्यान्वयन के लिए भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) ने 6 पैकेज के अंतर्गत आदेश जारी किया है और सर्वेक्षण प्रगतिरत है।
- **सीपीएसयू द्वारा संचालित मॉडलः** 2 राज्यों में पीजीसीआईएल को तथा 8 राज्यों में बीएसएनएल को कार्यान्वयन संबंधी कार्य सौंपा गया है। पीजीसीआईएल ने हिमाचल प्रदेश के लिए डीपीआर प्रस्तुत किए हैं और बीएसएनएल ने 7 टेलीकॉम सर्कल नामतः, असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश (पूर्वी), उत्तर प्रदेश (पश्चिमी), पश्चिम बंगाल और सिक्किम के लिए डीपीआर प्रस्तुत किए हैं तथा 01.05.2018 को दूरसंचार आयोग द्वारा डीपीआर अनुमोदित किए गए हैं। बीएसएनएल ने 41035 जीपी के लिए निविदा जारी की है और इसमें से 17869 जीपी के लिए कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं। 9897 किलोमीटर डक्ट बिछायी गई है। बाकी जीपी के लिए निविदाएं जारी करना विभिन्न चरणों में है। पीजीसीआईएल ने दो राज्यों के लिए निविदाएं जारी कर दी हैं। हिमाचल प्रदेश के लिए वित्तीय बोली खोली गई है और उत्तराखंड के लिए तकनीकी बोली खोली गई है।
- **सेटेलाइट कनेक्टिविटीः** पूर्वोत्तर, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के सुदूर और पहाड़ी क्षेत्रों में स्थित 6407 जीपी को सेटेलाइट माध्यम से जोड़ने की अनुमति प्रदान की गई है ताकि अनुमोदित समय–सीमा के भीतर सभी जीपी को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके। इन 6407 जीपी में से 1407 जीपी को बीएसएनएल के माध्यम से सेटेलाइट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है जबकि बाकी का कार्यान्वयन बोली प्रक्रिया के माध्यम से बीबीएनएल द्वारा किया जा रहा है। बीएसएनएल ने कार्यान्वयन के लिए एजेंसी का चुनाव कर लिया है और कार्य आदेश/क्रय आदेश जारी किया गया है। 1407 जीपी में से पहले 2 जीपी की अगस्त, 2018 में स्थापना कर दी गई है। अब बीबीएनएल की निविदा को अंतिम रूप दे दिया गया है तथा कार्य प्रदान कर दिया गया है।
- **लास्ट माइल कनेक्टिविटीः** 11.07.2018 को दूरसंचार आयोग ने बाई–फाई अथवा अन्य समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से लास्ट माइल कनेक्टिविटी मॉडल अनुमोदित किया। प्रत्येक जीपी में पांच पहुंच बिंदुओं (एपी) की स्थापना की जा रही है और इनमें से 3 एपी सरकारी संस्थाओं में और 2 सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित किए जा रहे हैं जिनमें एक जीपी स्थान पर शामिल है। दूरसंचार आयोग ने 25000 और 3243 बाई–फाई हॉटस्पॉट की स्थापना की सीएससी–एसपीवी के माध्यम से क्रमशः उत्तर

प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में स्थापना की अनुमति प्रदान की है। इसके अतिरिक्त सीएससी–एसपीवी को त्रिपुरा के 1178 जीपी और कर्नाटक के 3407 जीपी में संबंधित राज्य सरकारों के माध्यम से बाई–फाई के कार्यान्वयन का कार्य सौंपा है। राजस्थान में 10,000 जीपी में बाई–फाई के माध्यम से लास्ट माइल कनेक्टिविटी का कार्य राज्य सरकार को सौंपा गया है। कार्यान्वयन प्रगतिरत है और वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:

क. सं.	राज्य	जीपी की संख्या	कार्यान्वयन एजेंसी	कार्यान्वयन की स्थिति
1.	उत्तर प्रदेश	25,000	सीएससी–एसपीवी (एमआईटी के तहत एक निकाय)	10,000 जीपी में स्थापित किए गए
2.	हिमाचल प्रदेश	3243		165 जीपी में स्थापित किए गए
3.	राजस्थान	10,000	राजस्थान सरकार/ आरआईएसएल	6,500 जीपी में स्थापित किए गए
4.	शेष राज्य	2.10 लाख (लगभग)	बीबीएनएल	18.09.2018 को निविदा खोली गई

घ. भारतनेट परियोजना की स्थिति:

12.08.2018 के अनुसार भारतनेट परियोजना की स्थिति निम्नानुसार है:

क.सं.	गतिविधि	उपलब्धि
1.	आप्टिकल फाइबर कनेक्विविटी (जीपी)	1,18,665
2.	ओएफसी लेड (किमी)	2,86,477 kms
3.	सर्विस रेडी (जीपी)	1,14,186

xii) नवीकरणीय ऊर्जा विकास

बीबीएनएल ग्रामीण क्षेत्रों से काम करता है और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग की आवश्यकता को समझता है। ग्राम पंचायतों में सभी ओएनटी के लिए सौर ऊर्जा प्रणाली का प्रयोग करने का निर्णय लिया गया है।

xiii) विदेशी मुद्रा संरक्षण

बीबीएनएल सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार वरीयता विपणन पहुंच को अपनाते हुए विदेशी मुद्रा का संरक्षण करने में सहायता कर रहा है।

xiv) कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

कंपनी अब कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत यथा निर्धारित कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के क्षेत्राधिकारी/मापदंडों के अधीन शामिल है। कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसरण में बोर्ड ने सीएसआर उप समिति का गठन किया है और बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(5) का अनुपालन करने के लिए स्वच्छ भारत कोष में 15,00,000/– रुपए का योगदान दिया है। कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी एक विस्तृत रिपोर्ट कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की आवश्यकतानुसार **अनुबंध–छ** में संलग्न है।

फॉर्म संख्या एमआर–3 अनुबंध–च

सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट

31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (नियुक्ति एवं पारिश्रमिक कार्मिक) नियम, 2014 के नियम संख्या 9 के अनुसरण में]

सेवा में,

सदस्य

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस
मांडी गांव रोड, महरोली,
नई दिल्ली–110030

हमने, **भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड** (जिसे आगे कंपनी कहा गया है) जिसका पंजीकृत कार्यालय कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस, मांडी गांव मार्ग, महरौली, नई दिल्ली–110030 में है, द्वारा अपनाई गई लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और अच्छी कारपोरेट पद्धतियों के अनुपालन की सचिवालयी लेखापरीक्षा की है। सचिवालयी लेखापरीक्षा इस प्रकार की गई थी जो कारपोरेट व्यवहार/सांविधिक अनुपालन और उन पर हमारे मत को व्यक्त करने के लिए समुचित आधार है।

कंपनी की पुस्तकों, कागजों, कार्यवृत पुस्तकों, फॉर्म और दायर रिटर्न तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य रिकॉर्डों एवं कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवालीय लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान हमारी जांच के आधार पर हम यह सूचित करते हैं कि हमारे विचार से कंपनी ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष को शामिल करते हुए लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी सूचित करते है कि कंपनी में उस तरीके से तथा यहां सूचित के अधीन समुचित वृहत प्रक्रिया और अनुपालन तंत्र मौजूद है।

हमने, "कंपनी" की 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार पुस्तकों, कागजों, कार्यवृत्त पुस्तको और दायर रिटर्न और रखे गए अन्य रिकॉर्डों की जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके तहत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति अनुबंध (विनियम) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और डी–मेट स्वरूप में शेयरों के लिए कंपनी पर लागू सीमा तक इनके तहत बनाए गए नियम;

(iii) गैर–सूचीबद्ध कंपनी के लिए लागू सीमा तक डिपोजिटरी अधिनियम, 1996;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश एवं बाह्य वाणिज्यिक ऋणों की सीमा के तहत बनाए गए नियम और विनियम;यदि लागू हों

(v) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 ('एसईबीआई अधिनियम')) के तह निर्धारित नियम, विनियम और दिशा–निर्देश; (लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी के लिए लागू नहीं)

(vi) किसी अन्य स्टॉक एक्सचेंज के साथ लिस्टिंग करार; (लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी के लिए लागू नहीं)

(vii) बोर्ड और आम बैठकों के संबंध में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवालयी मानकों का सामान्यतः अनुपालन;

(viii) कंपनी पर लागू अन्य अधिनियम, नामतः

(क) मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(ख) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(ग) कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(घ) ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(ड.) अनुबंध श्रमिक (विनियम और निषेध) अधिनियम, 1970;

(च) भारत का दूरसंचार एवं विनियम अधिनियम, 1997;

(छ) मातृत्व लाभ अधिनियम, 1981; और

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित टिप्पणियों के अधीन ऊपर उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशा–निर्देशों, मानकों इत्यादि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

(i) समीक्षाधीन अवधि के दौरान यह पाया गया है कि कंपनी के निदेशक मंडल का गठन कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति के कारण नहीं किया गया है जिससे डीपीई दिशा–निर्देशों के तहत चूक हुई है जिसमें यह आवश्यक होता है कि कार्यरत निदेशकों (सीएमडी/एमडी सहित) की संख्या बोर्ड की वास्तविक संख्या के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, साथ ही स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के तहत चूक है।

(ii) कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत अनिवार्य आवश्यकता निदेशक मंडल की समितियों का गठन भी कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों की अनुपस्थिति के कारण समुचित रूप से नहीं किया गया है।

आगे हम यह सूचित करते है कि

निदेशक मंडल के गठन में परिवर्तन जो समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुए, अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में किए गए थे।

सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठकें, एजेंडा और एजेंडा के संबंध में विस्तृत नोट के बारे में पर्याप्त नोटिस दिया गया था जो उन्हें न्यूनतम सात दिन पहले भेज दिया गया था और बैठक से पहले तथा बैठक में अर्थपूर्ण भागीदारी के लिए आगे और अधिक सूचना मांगने तथा एजेंडा मदों पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए एक तंत्र मौजूद है।

सदस्य के विचारों पर विचार करते हुए, यदि कोई हो, बहुमत से निर्णय लिया जाता है और उसे बैठकों के कार्यवृत्त भाग के रूप में दर्ज किया जाता है।

आगे हम यह सूचित करते है कि कंपनी में लागू कानून, नियमों, विनियमों और दिशा–निर्देशों के अनुपालन की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार और कार्रवाई के अनुरूप कंपनी में पर्याप्त प्रणालियां और प्रक्रिया मौजूद है।

आगे हम यह सूचित है कि लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान कंपनी के मामलों पर प्रमुख प्रभाव डालने वाले उपरोक्त कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशा–निर्देशों, मानकों इत्यादि के अनुपालन में कोई विशिष्ट घटना/कार्रवाई नहीं हुई है।

कृते जे.के. गुप्ता एंड एसोशिएट्स

जितेश गुप्ता
एफसीएस संख्या 3978
सीपी संख्या:2448

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 17.09.2018

जीपे त्मचवतज पे जव इम तमंक ूपजी वनत समजजमत व िमअमद कंजम ्ीपबी पे ंददमगमक ेष् **।ददमगनतम ।ष्** ंदक वितउे ंद पदजमहतंस चंतज व ि जीपे तमचवतजण

'अनुबंध–क'

सेवा में,

सदस्य

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस
मांडी गांव रोड, महरोली,
नई दिल्ली–110030

हमारी समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जानी चाहिए

1. सचिवालयी रिकॉर्ड का अनुरक्षण कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवालयी रिकॉर्ड मत व्यक्त करना है।

2. हमने सचिवालय रिकॉर्ड की विषय–वस्तु की सटीकता के संबंध में समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए यथा उचित लेखापरीक्षा पद्धति और प्रक्रिया का अनुपालन किया है। यह जांच यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण आधार पर की गई थी कि सचिवालयी रिकॉर्डों में सही तथ्य प्रदर्शित किए गए है। हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और पद्धति हमारे मत के लिए समुचित आधार पर प्रदान करती है।

3. हमने समीक्षाधीन अवधि के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर भरोसा किया है, अतः हमने नमूना आधार पर सांविधिक/विधायी अनुपालन की सटीकता की जांच की है। उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पणियां भी इस रिपोर्ट का भाग है।

4. हमने समीक्षाधीन अवधि के लिए सांविधिक लेखापरीक्षा पर भरोसा किया है, अतः, हमने कंपनी के लेखों के वित्तीय रिकॉर्ड और पुस्तकों की सटीकता की जांच नहीं की है। उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पणियां भी इस रिपोर्ट का भाग है।

5. जहां भी आवश्यक हो हमने कानून, नियमों और विनियमों के अनुपालन तथा घटनाओं इत्यादि के संबंध में प्रबंधन का अभ्यावेदन प्राप्त किया है।

6. कारपोरेट एवं अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधकों की जिम्मेदारी है। हमारी परीक्षा परीक्षण आधार पर पद्धतियों की जांच तक सीमित थी।

7. सचिवालयी लेखापरीक्षा न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही ऐसी प्रभावित अथवा सक्षमता है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

कृते जे.के. गुप्ता एंड एसोशिएट्स

जितेश गुप्ता
एफसीएस संख्या 3978
सीपी संख्या:2448

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 17.09.2018

अनुबंध–छ

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 की आवश्यकताओं के अनुसार कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट

1. किए जाने के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों के परिदृश्य सहित कंपनी की सीएसआर नीति का संक्षिप्त परिचय और सीएसआर नीति और परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों के वेब लिंक का संदर्भ

बीबीएनएल एक सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय जिम्मेदार व्यापार तथा सतत् तरीके से व्यापार करने के प्रति वचनबद्ध है जो अपने सभी भागीदारों की बेहतरी के लिए समृद्धि के सृजन और वितरण को सुयोग्य बनाता है। चाहे वह आंतरिक हो अथवा बाह्य तथा यह कार्य नीतिगत प्रणालियों एवं सतत् प्रबंधन पद्धतियों के कार्यान्वयन एवं समेकन के माध्यम से किया जाता है। इसके लिए बीबीएनएल अपनी आंतरिक कार्य प्रणालियों, गतिविधियों, प्रक्रियाओं एवं साथ ही पहलों तथा क्षमता निर्माण, समुदायों के सशक्तिकरण, समावेशी, सामाजिक–आर्थिक उन्नति, पर्यावरण संरक्षण, हरित एवं ऊर्जा सक्षम प्रौद्योगिकी के संवर्धन, पिछड़े क्षेत्रों का विकास और समाज के वंचित तथा अल्प वंचित वर्गों के उत्थान के संबंध में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और निरंतरता के सभी पहलों पर संतुलित जोर दिए जाने को शामिल करेगा।

सीएसआर नीति और परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों का वेब लिंकः–

http://www.bbnl.nic.in/transparency/corporate-social-responsibility

2. सीएसआर समिति की संरचना

31.03.2018 के अनुसार बोर्ड स्तरीय कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं निरंतरता समिति में निम्नलिखित शामिल हैः–

एक कार्यशील निदेशक	: श्री मनोज आनंद, निदेशक (वित्त)
सरकारी नामिती निदेशक	: श्री अमित यादव
	: श्री महमूद अहमद
स्वतंत्र निदेशक	: अभी नियुक्त किए जाने बाकी हैः

3. पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी का कर पूर्व औसत लाभः

(राशि रूपए में)

विवरण	2014-15	2015-16	2016-17	कुल
	(14,16,551)	(5,65,97,155)	28,10,86,442	**22,30,72,736**
औसत निवल लाभ				**7,43,57,579**
औसत निवल लाभ का 2 प्रतिशत				**14,87,152**

टिप्पणीः उपरोक्त को देखते हुए कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(5) का अनुपालन करने के लिए स्वच्छ भारत कोष में 15,00,000 रुपए (औसत निवल लाभ के 2 प्रतिशत से अधिक) का अंशदान दिया है।

4. निर्धारित सीएसआर व्यय (उपरोक्त मद संख्या 3 में दर्शाई गई राशि का 2 प्रतिशत)

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए निर्धारित सीएसआर व्यय 14,87,152 रुपए था जिसे राउंड–ऑफ करके 15,00,000 रुपए कर दिया गया और वित्तीय वर्ष 2017–18 में इसका व्यय किया गया (पिछले तीन वर्षों के लिए धारा 135 के अनुरूप औसत लाभ के 2 प्रतिशत से अधिक)।

पिछला वर्ष कमी – शून्य

कुल निर्धारित सीएसआर व्यय – 15,00,000 रुपए

5. वित्तीय वर्ष के दौरान सीएसआर गतिविधियों के लिए व्यय की राशि का विवरणः

(क) वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए व्यय की जाने वाली कुल राशिः 15,00,000/– रुपए के आबंटित सीएसआर बजट में से कंपनी ने वित्तीय वर्ष'18 में 15,00,000/– रुपए की राशि का व्यय किया। इससे 100 प्रतिशत सीएसआर बजट का समग्र उपयोग हुआ है।

(ख) अव्ययित राशिः शून्य

(ग) वह तरीका जिसमें वित्तीय वर्ष के दौरान राशि का व्यय किया गया, नीचे दिया गया हैः

कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135(5) के अनुपालन में स्वच्छ भारत कोष के लिए 15,00,000 रुपए का अंशदान दिया है।

क्र.सं.	सीएसआर परियोजना अथवा पहचान की गई गतिविधि	वह क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	परियोजना अथवा कार्यक्रम (1) स्थानीय क्षेत्र अथवा अन्य (2) उस राज्य और जिले का उल्लेख करें जहां परियोजना अथवा कार्यक्रम चलाए गए	राशि परिव्यय (बजट) परियोजना अथवा कार्यक्रम–वार	परियोजना अथवा कार्यक्रम पर व्यय की गई राशि उप–शीर्ष: (1) परियोजना अथवा कार्यक्रम पर प्रत्यक्ष व्यय (2) ओवर–हेड	सूचित की जाने वाली अवधि तक संचयी व्यय	व्यय की राशि: प्रत्यक्ष अथवा कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से
1.	स्वच्छ भारत कोष	लागू नहीं	लागू नहीं	15.00 लाख रुपए	15.00 लाख रुपए	15.00 लाख रुपए	प्रत्यक्ष

उत्तरदायित्व विवरण

यह प्रमाणित किया जाता है कि सीएसआर नीति का कार्यान्वयन और निगरानी कंपनी के सीएसआर उद्देश्यों और नीति के अनुरूप है।

संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
डीआईएन–07484614

अमित यादव
अध्यक्ष–सीएसआर समिति
डीआईएन–06491798

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्य

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के सदस्यगण

वित्तीय विवरणों के संबंध में रिपोर्ट

हमने भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (''कंपनी'') के संलग्न वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिनमें दिनांक 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार कंपनी के तुलन–पत्र और उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण तथा कैश एवं फ्लो विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सार और अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल है। कंपनी में 32 परियोजना निगरानी ईकाइयां (पीएमयू) है और इनके लेखों को केंद्रीय कार्यालय के लेखों में शामिल किया जाता है तथा कंपनी द्वारा इन पीएमयू के कोई पृथक लेखे नहीं बनाए गए है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का प्रबंधन इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार है जो कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) में कथित मामलों के लिए और भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धातों के अंतर्गत अधिसूचित लेखन मानकों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति और वित्तीय निष्पादन की सही और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत करते है तथा इसमें समय–समय पर इसके तहत जारी संगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत उल्लिखित लेखन मानक शामिल है। इस जिम्मेदारी में कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उन्हें हटाने के लिए प्रावधानों के अनुसरण में समुचित लेखन रिकॉर्ड रखनाय समुचित लेखा नीतियों का चयन और प्रयोगय ऐसे निर्णय लेना और अनुमान लगाना जो कि सही हैय और पर्याप्त आंतिरक वित्तीय नियंत्रण का क्रियान्वयन तथा अनुरक्षण करना जो कि लेखा रिकॉर्ड की सटीकता तथा संपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे जो ऐसे वित्तीय विवरण तैयार करने तथा प्रस्तुत करने से संगत हों जो कि एक सही दृष्टिकोण प्रदान करते है और वास्तविक दुर्कथन से मुक्त हैं जहां भी वे धोखाधड़ी अथवा भूल के कारण हों, भी शामिल हैं।

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी, हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर विचार व्यक्त करना है।

हमने अधिनियिम के प्रावधानों, लेखन एवं लेखापरीक्षा मानकों तथा उन मामलों को ध्यान में लिया है जिन्हें अधिनियम तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किया जाना अपेक्षित होता है।

हमने, हमारी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों, जैसा कि अधिनियम की धारा 143(10) के तहत उल्लेख किया गया है, के अनुसार की है। इन मानकों में यह अपेक्षा होती है कि हम नीतिगत आवश्यकताओं और योजनाओं का अनुपालन करें तथा यह समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा करें कि क्या वित्तीय विवरण वास्तविक दुर्कथन से मुक्त है।

किसी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में मात्रा और प्रकटनों के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने हेतु निष्पादन प्रक्रिया शामिल होती है। चयनित प्रक्रिया वित्तीय विवरणों के वास्तवकि दुर्कथन, चाहे वह धोखाध ाड़ी के कारण हो अथवा चूक के कारण हो, के जोखिम के मूल्यांकन सहित लेखापरीक्षकों के निर्णय पर निर्भर करती है। ऐसे जोखिम मूल्यांकन करते हुए लेखापरीक्षक कंपनी से संगत आंतरिक नियंत्रण पर विचार करते है और ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार करने में जो परिस्थितियों से संगत है किंतु कंपनी के आंतरिक नियंत्रण की प्रभाविता पर विचार व्यक्त करने के उद्देश्य से नहीं है, के लिए वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने पर विचार करता है। किसी लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखन नीतियों के औचित्य का मूल्यांकन और कंपनी के निदेशक द्वारा किए गए लेखन अनुमानों का औचित्य तथा वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण मूल्यांकन शामिल होता है।

हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य हमारे योग्य लेखापरीक्षा मत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त तथा समुचित है।

योग्यता का आधार

जीएसटी का कार्यान्वयन 01.07.2017 से किया गया है और कंपनी ने प्रत्येक पीएमयू के लिए लेखों की पृथक पुस्तकें नहीं रखी है। जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों का अन्य गैर–अनुपालन भी हुआ है अर्थात् ब्लॉक की गई मदों पर इनपुट के गलत दावे, लिक्वीडेटेड क्षति पर जीएसटी का गैर–भुगतान अथवा टेलीकॉम सर्विस प्रदाता इत्यादि से समय से प्राप्त अग्रिम जिसकी ब्याज की सृजित देनदारी है और अधिक इनपुट कर क्रेडिट। इसके प्रभाव को कंपनी द्वारा सभी गैर–अनुपालन के पूर्ण विवरण की अनुपलब्धता के कारण निर्धारित नहीं किया गया है।

मत

हमारे विचार से और हमारे सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दी गई व्याख्या के अनुसार उपरोक्त वित्तीय विवरण अपेक्षित तरीके से और निम्नलिखित योग्यताओं के अधीन अधिनियम द्वारा अपेक्षित सूचना को 31 मार्च, 2018 के अनुसार कंपनी के मामलों, उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए उसके नगद प्रवाह के बारे में भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप सही परिदृश्य प्रदान करते हैं।

मामले का जोर

हम निम्नलिखित वित्तीय विवरण टिप्पणियों पर ध्यान आकर्षित करते हैं जो वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रभाव प्रदर्शित करते हैं। हमारे विचार इन मामलों के संबंध में अर्हक नहीं हैं।

क) सदंर्भ टिप्पणी 1.6 और 9 (iii)

(i) ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए कार्य के निष्पादन की योजना दो चरणों में पूरी की जानी अपेक्षित है:

चरण–I: भारतनेट के चरण– I के अंतर्गत 1,00,000 जीपी को पूरा करने के लक्ष्य को दिसंबर, 2017 में प्राप्त कर लिया गया है।

(ii) जीपीओएन पूंजीकरण (71627) जीपी लिट् स्थिति पर आधारित है जो बीबीएनएल द्वारा जीपी में एफटीटीएच के प्रावधान/कार्यकरण पर आधारित है। यह आंकड़े सेवा के लिए तैयार जीपी के साथ तुलनीय नहीं है जिसके लिए 1,00,000 जीपी का लक्ष्य दिसंबर, 2017 में प्राप्त किया गया था।

ख) सदंर्भ टिप्पणी 9 (iv)

निष्पादन एजेसियों (बीएसएनएल, रेलटेल और पीजीसीआईएल) से अंतिम बिल प्राप्त नहीं हुए हैं और पूंजीकरण कंपनी के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर किया जाता है। किसी अंतर के संबंध में इसे अंतिम निपटान के बस में समायोजित किया जाएगा।

ग) संदर्भ टिप्पणी 10 (iii)

परिसंपत्तियों के पूंजीकरण के लिए लागत का प्रतिशत वेतन व्यय में भविष्य के वृद्धि को ध्यान में रखते हुए व्यय की चालू प्रवृत्ति के आधार पर कैपेक्स के तीन प्रतिशत के रूप में लिया जाता है।

घ) संदर्भ टिप्पणी 16

ब्रॉडबैंड प्रभारों से राजस्व कंपनी द्वारा इकट्ठा किया गया सीधी राशि को दर्शाता है। कंपनी ने अपने नेटवर्क के उपयोग के लिए बीएसएनएल के साथ एक राजस्व शेयरिंग करार (आरएसए) भी किया है। वर्तमान में, कंपनी का राजस्व हिस्से (आरएसए के अनुसार निवल राजस्व का 20 प्रतिशत) को बीएसएनएल के बिलिंग सॉफ्टवेयर में समुचित कोड तैयार न किए जाने के कारण निर्धारित नहीं किया जा सकता है। इस राजस्व को निपटान/प्राप्ति के वर्ष में लिया जाएगा। 31.03.2018 के अनुसार भारतनेट पर 8,288 एफटीटीएच कनेक्शन (बीएसएनएल द्वारा) और 3,766 वाई–फाई हॉटस्पॉट (बीएसएनएल/सीएससी द्वारा) कार्यरत है।

ड) संदर्भ टिप्पणी 17

कंपनी ने 304,26,96,912 रुपए (वित्तीय वर्ष 2016–17 100,41,81,893 रुपए) की अन्य आय की राशि को लिया है जो केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 19.07.2017 को अनुमोदित भारतनेट की संशोधित कार्यान्वयन नीति के अनुसार राजस्व के निवल संचालन व्यय (निवल ओपेक्स) को दर्शाती है।

च) संदर्भ टिप्पणी 33

वेंडर से प्राप्त योग्य/को/से देय राशि पुष्टि के अधीन है।

अन्य मामले

1. भारतनेट की परिसंपत्तियों के सृजन के उद्देश्य से कंपनी द्वारा प्राप्त की गई संपत्ति सूची को सीपीएसयू को प्रदान कर दिया गया है। निष्पादन एजेंसियों सीपीएसयू से उपभोग/कस्टडी रिपोर्ट/प्रमाण–पत्रों का विवरण प्राप्त नहीं हुआ है।
2. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान ऋण आधार पर बीएसएनएल को 184,320,197 रुपए का स्टॉक दिया है जो अभी भी लंबित है और कंपनी को यह राशि वापस नहीं की गई है। संदर्भ लेखा विवरण की टिप्पणी–14।
3. कंपनी ने निष्पादन एजेंसियों (अर्थात् बीएसएनएल, रेलटेल और पीजीसीआईएल) से करारों से खरीद और बीजक के विवरण प्राप्त हुए है परंतु कार्यान्वयन निष्पादन एजेंसियों से बीजक प्राप्त नहीं हुए है।

अन्य विधि एवं विनियामक आवश्यकताओं संबंधी रिपोर्ट

1. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (11) के रूप में केंद्रीय भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश 2016 (आदेश) में अपेक्षा की गई है और कंपनी के पुस्तकों और रिकॉर्डों की ऐसी जांच के आधार पर हमें दी गई सूचना और व्याख्या के अनुसार इसे उचित पाया है, हमनें आदेश के अनुच्छेद 3 ओर 4 में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में अनुबंध–1 एक विवरण दिया गया है।
2. हम कंपनी की पुस्तकों और रिकॉर्डों की ऐसी जांच जिसे हमने उचित समझा और हमें दी गई जानकारी और व्याख्या के अनुसार अधिनियम की धारा 143 (5) के अनुरूप हमारी रिपोर्ट भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के संबंध में अनबंध–2 में संलग्न कर रहे हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थी।
3. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा अपेक्षित है हम यह सूचित करते हैं कि:

   क. हमने वह सारी सूचना और व्याख्या प्राप्त की है जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थी;

ख. हमारे विचार से कंपनी द्वारा प्रत्येक राज्य में पृथक जीएसटीएन की प्रत्येक पीएमयू के लिए पृथक पुस्तकों को छोड़कर विधि द्वारा यथा अपेक्षित समुचित लेखा पुस्तकें रखी गई हैं जहां तक वे इन पुस्तकों की हमारी जांच से प्रतीत होता है;

ग. इस रिपोर्ट में दिए गए तुलनपत्र, लाभ एवं हानि विवरण और कैश फ्लो विवरण लेखापुस्तकों के अनुरूप हैं;

